चैत्र शुक्ल पक्ष-12, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 304 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
20 अप्रैल 2024 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**

36 अधिकतम

23 न्यूनतम




## पहले चरण में कम मतदानःमतदाता का मिजाज समझने की कोशिश में भाजपा-कांग्रेस

# वॉर रूम में मतदान आंकड़ों का रहस्य समझने की कोशिश, भाजपा को छिंदवाड़ा से शिकायत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में पहले चरण के मतदान के आंकडे आने के बाद अब राजनीतिक दलों ने इसकी पड़ताल शुरू कर दी है। मप्र में करीब साढे सात फीसद कम मतदान से सत्तारूढ दल भाजपा और कांग्रेस दोनों 'साफ तौर पर' ठोस अनुमान की स्थिति में नहीं हैं, हालांकि जाहिर तौर पर दोनों ही इसे अपने पक्ष में बता रहे हैं। मप्र में छिंदवाडा व मंडला,बालाघाट सीट पर दोनों पार्टी के बीच सबसे कड़ा मुकाबला माना गया है। मगर यहां तीन से पांच फीसद तक कम मतदान से मतदाता का मानस समझने के लिये भाजपा और कांग्रेस ने अपने वार रूम में विश्लेषण का मसौदा जुटाने का काम शुरू किया है। हालांकि मप्र जैसा ट्रेंड पूरे देश में नजर आया है, क्योंकि करीब आठ फीसद कम मतदान हुआ है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि कम मतदान की कुछ और भी वजहें हो सकती हैं लेकिन इसकी बारीकी से व्याख्या जरूरी है और इस पर फोकस भी किया गया है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा व संघ के पदाधिकारी इस पर मंथन व अगले चरण के लिये रणनीति पर काम कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस के वार रूम मुखिया महेंद्र सिंह चौहान का कहना है कि छहों लोकसभा क्षेत्रों में विधानसभावार और ब्लाकवार मतदान की रिपोर्ट बुलाई गई हैं जो आज शाम तक पहुंच जाएंगी, इसके बाद इन आंकडों व क्षेत्र पदाधिकारियों के फीडबैक से निष्कर्ष निकालने की कोशिश होगी। चौहान के मुताबिक यह रिपोर्ट पहले प्रदेशअध्यक्ष को भेजा जाएगी तथा नेशनल वार रूम को भी दी जाएगी। गौरतलब है कि कांग्रेस को पहले चरण की मंडला,छिंदवाडा व बालाघाट से ज्यादा उम्मीद रही है।






उधर मप्र भाजपा मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम के आंकडे बता रहे हैं कि उसे कल मतदान के दौरान सबसे ज्यादा शिकायतें छिंदवाडा लोकसभा क्षेत्र से मिली हैं। भाजपा नेताओं को इससे अवगत कराया गया है। गौरतलब है कि भाजपा ने छिंदवाडा में जीत के लिये इस बार पूरी ताकत झोंकी थी। इसके लिए गृह मंत्री अमित शाह ने यहां रोड शो व रात्रि बैठकें की थीं। जेपी नड्डा भी दौरे पर आए थे और पीएम मोदी ने छिंदवाडा की दोनों सीमाओं जबलपुर व नर्मदापुरम में सभा की थी। यहां 79 फीसद मतदान हुआ है।

**न्यू ज्वाइनिंग**



**कांग्रेस का एक और जत्था भाजपा में**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के समक्ष भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में कांग्रेस के शिवपुरी के पूर्व विधायक हरिवल्लभ शुक्ला, कांग्रेस सिंधी कल्याण समिति के महेश गुरबाणी, कांग्रेस पूर्व महासचिव कमल सिंह रघुवंशी, गौरव शर्मा, अमित दांतरे, समेत होशंगाााबाके अमर सिंह यादव, राहुल सिंह सहित कांग्रेस पार्षद, सरपंच-उपसरपंच और 100 से अधिक कांग्रेस पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

**सबको मिलेगा काम का मौकाः यादवः** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि नकारात्मक राजनीति और परिवारवाद से हट कर बीजेपी काम कर रही है, इसका परिणाम ये है कि हम लगातार जीत रहे है। हमारे परिवार में शामिल होकर सबको सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा आज जो भी नेता हमसे जुड़े उनके सुझाव पर देशहित में काम करेंगे, सबको काम करने का मौका दिया जायेगा। कल पहले चरण के लिए अच्छी वोटिंग हुई है पार्टी भारी बहुमत से जीत रही है।

## मोदी बोले- अमेठी के बाद अब वायनाड भी असुरक्षित

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में चुनावी रैली को संबोधित किया। मोदी ने इस दौरान गांधी परिवार पर निशाना साधा और राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस से शहजादे को अब वायनाड सीट पर भी हार का खतरा नजर आ रही है। यही कारण है कि कांग्रेस की यह टोली 26 अप्रैल का इंतजार कर रही है। 26 अप्रैल को वोटिंग के साथ ही उन्हें महसूस होगा कि शहजादा यहां से हार सकता है तो उसके लिए एक और दूसरी सुरक्षित सीट तलाशी जाएगी।

## रीवा में 'का बा' से उबाल

बिहार में बवाल मचाने वाला लोकगीतनुमा गाना 'का बा' अब मप्र के रीवा में हंगामा कर रहा है। बिहार की मशहूर लोक गायिका नेहा सिंह राठौर ने अब 'रीवा में का बा' गाकर यहां की राजनीति में उबाल ला दिया है। कांग्रेस गाने का समर्थन कर रही है वहीं भाजपा आरोप लगा रही है। रीवा में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। नेहा सिंह के इस गाने को कांग्रेसी नेता व कांग्रेस के समर्थक जमकर इंटरनेट मीडिया में प्रसारित कर रहे हैं। लोक गायिका गीत में चिरपरिचित अंदाज में सांसद जनार्दन मिश्रा को जमकर खरी-खोटी सुना रही हैं।

## राममंदिरः आज से फिर शुरू हुए वीआईपी दर्शन

**अयोध्या ।** रामनवमी मेले की वजह से रोकी गई वीआईपी दर्शन की व्यवस्था आज से फिर शुरू हो गई। राममंदिर ट्रस्ट ने रामनवमी मेले में भारी भीड़ आने की संभावना के मद्देनजर 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन व पास के माध्यम से होने वाले दर्शन पर रोक लगा दी थी। 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक जिन्होंने पहले से ही स्लॉट बुक कर लिए थे, उनके पास भी निरस्त कर दिए गए थे। अब पास के माध्यम से दर्शन व आरती में शामिल होने की व्यवस्था फिर बहाल कर दी जाएगी। ट्रस्ट ने विशिष्ट दर्शन व सुगम दर्शन की दो नई श्रेणी तय की हैं।



## ट्रक ने मारी टक्कर, चार महिलाओं की मौत; 24 लोग घायल

**मैनपुरी ।** मैनपुरी के भोगांव में शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 24 लोगों के घायल होने की सूचना है। बताया गया है कि ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। ट्रॉली में महिलाएं और पुरुष सवार थे जो नामकरण संस्कार से शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में ये हादसा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है।

## गंगूराम की कांग्रेस में वापसी



**हिमाचल ।** हिमाचल प्रदेश के पच्छाद से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर ने घर वापसी की है। आज अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की मौजूदगी में गंगूराम समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। वे कांग्रेस पार्टी में 40 वर्षों के बाद बीते चुनाव में बतौर निर्दलीय लड़े थे। इसके पहले वह लगातार 6 बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने।

## एलन मस्क ने भारत दौरा टाला

**नई दिल्ली ।** टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क का भारत दौरा टल गया है। बताया गया है कि मस्क ने खुद इस दौरे को कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला किया। मस्क सोमवार को भारत आकर पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे। मस्क ने इसे लेकर एक्स पर अपने हैंडल से पोस्ट भी किया। उन्होंने कहा, 'दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे टेस्ला के प्रति जिम्मेदारी के चलते भारत दौरा टालना पड़ रहा है। लेकिन मैं इस साल ही भारत आने का मौका देख रहा हूं।' रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने मस्क के दौरे के टलने की पुष्टि की है। हालांकि, इसके कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। टेस्ला और भारत सरकार की तरफ से भी इस पर अब तक कोई बयान जारी नहीं किया गया है।



## कोर्ट में बिफर गए इमरान खान

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को जेल में टॉयलेट क्लीनर मिलाकर खाना दिया जा रहा है। रावलपिंडी की अदियाला जेल में आज भ्रष्टाचार के एक मामले की सुनवाई के दौरान इमरान खान ने जज जावेद राणा के सामने ही इस मामले का जिक्र कर दिया। उन्होंने कहा कि जेल में और ज्यादा दीवारें बना दी गई हैं, जिससे यह एक बंद कोर्ट में जारी सुनवाई की तरह लगने लगी है।



उन्होंने कहा कि शौकत खानम अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर असीम यूसफ ने बुशरा बीबी की जांच शिफा अंतरराष्ट्रीय अस्पताल में कराने की सलाह दी है। हालांकि, जेल प्रशासन उनकी जांच सिर्फ पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (पीआईएमएस) में कराने पर अड़ा है।

## जेल के भीतर कैदियों में भिड़ंत दो की मौत

**जेल में धारदार हथियार चले**

**चंडीगढ, एजेंसी।**

पंजाब की संगरूर जेल में कैदी आपस में इतनी जबरदस्त तरीके से भिड़ गए,कि दो कैदियों की मौत हो गई,दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, इन्हें पटियाला रेफर किया गया है। डीआईजी जेल और संगरूर पुलिस की तरफ से पूरे मामले की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, संगरूर जेल में कल रात जब कैदियों की गिनती करने के बाद बैरक में बंद किया जा रहा था, उसी समय एक बैरक से निकले 10 कैदियों ने दूसरी बैरक में मौजूद चार कैदियों पर जानलेवा हमला कर दिया। झगड़ा आपसी रंजिश के चलते हुआ। पहले ये सभी एक ही बैरक में बंद थे, ज्यादा पर धारा 302 के तहत मामले दर्ज हैं। डॉक्टर के अनुसार, दो कैदियों की मौत अस्पताल आने से पहले हो चुकी थी। जांच करने पहुंचे पंजाब जेल डीआईजी सुरेंद्र सैनी ने बताया कि तेजधार हथियारों से हमला किया गया है। जेलों में कैदियों को लेकर सख्त नियम होते हैं। ऐसे में सवाल है कि इतनी सख्त सुरक्षा व्यवस्थाएं होने के बाद भी संगरूर जेल में धारदार लोहा कैदियों के पास कहां से आया।



## अब ईराक के पांच सैन्य ठिकानों पर हमले से बढ़ा तनाव

**इजराइल पर संदेह जताया**

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। दोनों देश लगातार एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। इस बीच इराक में आज ईरान समर्थित सैन्य ठिकानों पांच धमाके हुए। इसमें कम से कम तीन लोग घायल हो गए। हालांकि, अभी तक धमाकों के कारणों का पता नहीं चल पाया है। बगदाद के दक्षिण में बेबीलोन गवर्नरेट में सुरक्षा समिति के सदस्य मुहन्नाद अल-अनाजी के अनुसार, विस्फोट विशेष रूप से पॉपुलर मोबिलाइजेशन यूनिट्स (पीएमयू) से संबंधित एक जगह पर हुए। बेबीलोन गवर्नरेट के उत्तर में राजमार्ग पर अल-मशरौ जिले के कलसू सैन्य अड्डे पर हुए धमाकों की जांच चल रही है। ईरान को संदेह है कि यह धमाके कहीं न कहीं इस्राइल की साजिश है। हालांकि, इस्राइल और अमेरिका के अधिकारियों ने इन आरोपों को सिरे से नकार दिया है।

वहीं मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पीएमयू एक इराकी अर्धसैनिक समूह है जो ज्यादातर शिया ईरान द्वारा समर्थित है। पीएमयू स्थानीय प्रशासन से संबद्ध है और ईरान में शिया के साथ मजबूत संबंध हैं जो लंबे समय से इराकी राजनीति पर हावी है।



**मेट्रो एंकर**

**चुनाव आयोग ने भी मतदान दल को दी यह सुविधा....**

# चुनाव में सेटेलााइट फोन के इस्तेमाल के चर्चे

**दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव के दौरान सैटेलाइट फोन के इस्तेमाल की बडी चर्चा व कौतुहल है। इस फोन में कॉलिंग या इंटरनेट के लिए मोबाइल टॉवर की जरूरत नहीं होती है। बंगाल मे इसका इस्तेमाल की खूब चर्चा है। यह फोन सीधे सैटेलाइट से कनेक्ट होते हैं। ऐसे में आप किसी को बिना मोबाइल नेटवर्क के कॉल कर सकते हैं, साथ ही इंटरनेट सर्विस का इस्तेमाल कर सकते हैं। सैटेलाइट कनेक्टिविटी सैटेलाइट्स के नेटवर्क के माध्यम से काम करती हैं, ये हमारे सेल फोन को डायरेक्ट सैटेलाइट से कनेक्ट कर देते हैं जिसको कंपनियों के द्वारा कंट्रोल किया जाता है। इसमें पृथ्वी की निचली कक्षा में सैटेलाइट भेजा जाता है। इसी सैटेलाइट से सीधे मोबाइल कनेक्ट रहता है। इसे इंटरनेट बीम के नाम से जाना जाता है।

खास बात यह है कि इस टेक्नोलॉजी में यूजर्स को सेल टावर की जरूरत नहीं होती है। इसे पूरी दुनिया में शानदार कनेक्टिविटी के लिए जाना जाता है। इस टेक्नोलॉजी की मदद से वाइड रेंज नेटवर्क मिलता है। साथ ही कॉल ड्रॉप की समस्या का सामना नहीं करना होता है। इसमें मोबाइल के मुकाबले शानदार सिग्नल मिलता है।हालांकि फोन चलाने के लिए सरकार की इजाजत लेनी होती है। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार लोकसभा क्षेत्र के बक्सा पहाड़ से मतदान समाचारों के बारे में अपडेट रहने के लिए मतदानकर्मियों को सैटेलाइट फोन उपलब्ध कराया है। बक्सा पहाड़ के 36 कम नेटवर्क कवरेज वाले बूथों में से तीन बूथों पर बिल्कुल नेटवर्क नहीं हैं।

इसके अलावा मतदान कर्मियों को 'वाटर फ्रुफ बैग' भी उपलब्ध कराए गए हैं। बक्सा पहाड़ पर बने मतदान केंद्रों तक टेढ़े-मेढ़े पहाड़ी रास्ते से पैदल ही जाना पड़ता है। वहां मतदान कर्मियों से मोबाइल फोन पर संपर्क करना लगभग असंभव है। इसलिए इस बार चुनाव आयोग ने सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल करने का फैसला किया है ताकि चुनाव आयोग को हर पल की जानकारी मिल सके। इसके अलावा बारिश में या पहाड़ पर चढ़ने के दौरान किसी दुर्घटना में ईवीएम को नुकसान न हो, इसके लिए मतदान कर्मियों को 'वाटर प्रूफ बैग' उपलब्ध कराया है। उल्लेखनीय है कि इस 'वाटर प्रूफ बैग' का इस्तेमाल मुख्य रूप से चुनाव आयोग उत्तराखंड के दूरदराज के इलाकों में जाने के लिए करता है।




**कुछ दिक्कतें भी**

**सैटेलाइट फोन काफी महंगे होते हैं। साथ ही सैटेलाइट कनेक्टिविटी के लिए अलग से सब्सक्रिप्शन लेना होता है, जिसकी कीमत काफी ज्यादा होती है। इसके अलावा सैटेलाइट फोन खराब मौसम में काम नहीं करते हैं। इससे कॉलिंग और इंटरनेट काफी महंगा होता है। सैटेलाइट फोन को सिक्योरिटी के मद्देनज सरकार से इजाजत लेनी होती है।**

# अपर संचालक जनसंपर्क वाधवा को मिलेगा लोक संपर्क सम्मान

**भोपाल।** पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया के भोपाल चैप्टर द्वारा 21 अप्रैल को आयोजित किये जाने वाले राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक शजी.एस.वाधवा को लोक संपर्क सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान रवीन्द्र भवन भोपाल के गौरांजनी सभागार में प्रातः साढ़े दस बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। पीआरएसआई भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया है कि राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ''सनातन मूल्य और उभरता भारत जनसंपर्क के परिप्रेक्ष्य में'' विषय पर विशेष व्याख्यान का भी आयोजन किया जाएगा। पीआरएसआई भोपाल चैप्टर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पत्रकारिता मीडिया, टी.वी. मीडिया और कार्पोरेट मीडिया में कार्यरत महिला पत्रकारों, टी.वी. एंकरों और जनसंपर्क प्रोफेशनल्स को



अचला और उदिता सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में पद्मश्री वैद्य डॉ. बालेन्द्र प्रकाश, वरिष्ठ पत्रकार एवं लेडी श्रीराम कॉलेज नई दिल्ली पत्रकारिता विभाग की प्रमुख डॉ. वर्तिका नन्दा और वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विशलेषकगिरिजा शंकर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया जनसंपर्क एवं संचार के क्षेत्र में विभिन्न संगठनों में कार्य करने वाले प्रोफेशनल्स की 68 वर्ष पुरानी एक राष्ट्रीय स्तर की संस्था है। इस संस्था के पूरे देश में लगभग 27 चेप्टर कार्यरत हैं।




भोपाल के शाहजहानाबाद आसरा वृद्ध आश्रम में वरिष्ठ समाज सेवी कमलजीत कौर की पुण्यतिथि पर वृद्धआश्रम ने श्रद्धांजलि अर्पित की ।

# आवारा कुत्तों को पकड़ कर वेक्सीनेशन पर किए गए कार्यों की रिपोर्ट तलब

## मप्र मानव अधिकार आयोग ने नगर निगम आयुक्त से मांगा जवाब



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल शहर के प्रमुख बाजार न्यू मार्केट में आवारा कुत्तों का आतंक बढने का मामला सामने आया है। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने मामले में संज्ञान लेते हुए नगर निगम से जवाब मांगा है। आयोग ने नगर निगम आयुक्त से आवारा कुत्तों की पकड़ कर वेक्सीनेशन आदि पर किये गये कार्यों पर तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि आवारा कुत्तों के आंतक से मार्केट के व्यापारी को परेशान होना पड़ रहा है। विगत दिवस मार्केट में एक कुत्ते द्वारा दो लोगों को घायल कर दिया था। व्यापारियों का कहना है कि इन आवारा कुत्तों के कारण बाजार में आने वाले लोगों में दहशत है। नगर निगम के कुत्ता पकड़ने का वाहन मार्केट के भीतर नहीं पहुंच पाते।

### गर्मी में भूजल स्तर घटने के चलते फैसला

# अब राजधानी में निजी नलकूप खनन बैन, जब्त होंगी मशीनें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में भी निरंतर भूजल की गिरावट को देखते हुए अब 30 जून तक नलकूप खनन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जारी किए हैं। आदेश का उल्लंघन करने पर दो हजार रुपये जुर्माना और दो वर्ष तक कारावास या दोनों से दंडित करने की कार्रवाई की जाएगी।

ताजा आदेश के बाद अब जिला भोपाल की राजस्व सीमाओं में नलकूप, बोरिंग मशीन संबंधित एसडीएम की अनुमति के बिना न तो प्रवेश करेगी (सार्वजनिक सड़कों से गुजरने वाली मशीनों को छोड़कर) और न ही बिना अनुमति के कोई नया नलकूप खनन करेगी। संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीन जो अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेगी और नलकूप खनन, बोरिंग का प्रयास करेगी, उक्त मशीनों को जब्त कर संबंधित पुलिस थाना क्षेत्र में एफआइआर दर्ज कराने का अधिकार होगा। सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र के अंतर्गत इस निमित अपरिहार्य प्रकरणों व अन्य प्रयोजनों के लिए उचित जांच के बाद अनुज्ञा देने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

हालांकि शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप उत्खनन पर यह आदेश लागू नहीं होगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कार्ययोजना के अंतर्गत नलकूप खनन का कार्य कराया जा सकेगा, वहीं निजी नलकूप एवं अन्य विद्यमान निजी जल स्रोतों को आवश्यकता होने पर सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था के लिए अधिग्रहण किया जा सकेगा।

### उल्लंघन पर दो साल तक सजा



### कई बस्तियों में संकट

*उल्लेखनीय है गर्मी बढते ही राजधानी की कई बस्तियों में जलसंकट भी बढ रहा है। कई बस्तियों में टैंकरों से भी पानी की सप्लाई की जाती है।*



# रेलवे ने पकड़े 1.44 लाख बेटिकट, इनमें से कई ने किए थे टिकट लेने के प्रयास

**लेकिन** वेटिंग के चलते नहीं मिले टिकट, जाना जरुरी था इसलिए चढ़ गए

**रेलवे** ने रास्ते में दबोच लिया तो देना पड़ा हजारों रुपये

**व्यवस्था** का दोष, ट्रेनों में टिकट की मांग ज्यादा, डिब्बे कम



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रेल सेवाओं में व्यवस्थाओं का शिकार यात्री हो रहे हैं। इन यात्रियों से रेलवे कमाई कर वाहवाही लूट रहा है। मार्च 2024 में रेलवे ने 1.44 लाख बेटिकट यात्रियों को पकड़ने का दावा किया है। इनमें से कई यात्रियों ने ट्रेनों में चढ़ने से पहले कंफर्म टिकट के लिए प्रयास किए थे लेकिन उन्हें वेटिंग व नो रूम के चलते टिकट नहीं मिले और मजबूरन वे ट्रेनों में चढ़ गए। जिन्हें रास्ते में रेलवे की जांच टीम ने पकड़ा और हजारों रुपये जुर्माना वसूल लिया। रेलवे की टीम ने ऐसी कार्यवाही भोपाल, जबलपुर व कोटा रेल मंडल में की। इसके लिए बकायदा टीमें बनाकर अभियान चलाया गया। यात्रियों का कहना है कि रेलवे कमाई करे, इस बात से उन्हें को कोई आपत्ति नहीं है लेकिन मांग के अनुरूप टिकट भी उपलब्ध कराएं, जो कि नहीं कराए जा रहे हैं।

इधर रेलवे के अधिकारियों का दावा है कि भोपाल समेत तीनों मंडलों में 01 लाख 44 हजार मामले पकड़े और अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 09 करोड़ 23 लाख रूपए का राजस्व वसूला जो कि रेलवे द्वारा तय लक्ष्य 08 करोड़ 67 लाख से 06 प्रतिशत अधिक है।

रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यालय सीसीएम स्कॉड द्वारा मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने टिकिट जाँच अभियान से बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध लगभग 02 हजार प्रकरण से रेलवे ने 15 लाख रुपये, जबलपुर मण्डल द्वारा 57 हजार प्रकरण से रेलवे ने 03 करोड़ 86 लाख रुपये, भोपाल मण्डल द्वारा 51 हजार प्रकरण से रेलवे ने 03 करोड़ 09 लाख रुपये कोटा मण्डल द्वारा 34 हजार प्रकरण से रेलवे ने 02 करोड़ 13 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया है।

# एम्स भोपाल: साक्ष्य आधारित चिकित्सा आज समय की आवश्यकता है: सिंह

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एम्स भोपाल में आईएसएन साक्ष्य संश्लेषण और मेटा-विश्लेषण पर दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने किया। उन्होने कहा कि इस कार्यशाला के द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में किये गए विभिन्न शोध के द्वारा निकले हुए निष्कर्षों के विश्लेषण के बाद जो परिणाम निकलेगा। उससे लोगों का इलाज करने में काफी लाभ मिलेगा। प्रो. सिंह ने इस क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए एम्स भोपाल में अनुसंधान सेल के द्वारा इस क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि साक्ष्य आधारित



चिकित्सा आज समय की आवश्यकता है जो स्वास्थ्य देखभाल परिणामों को बेहतर बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उद्घाटन सत्र में वर्चुअल रूप से शामिल एम्स ऋषिकेश की कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) मीनू सिंह ने पिछले दो दशकों में व्यवस्थित समीक्षाओं और मेटा-विश्लेषण के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। उन्होंने डॉक्टरों के लिए समकालीन चिकित्सा प्रगति के साथ तालमेल बिठाते हुए अपने अभ्यास में इन पद्धतियों का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने की अनिवार्यता पर जोर दिया। कार्यशाला का आयोजन इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ नेफ्रोलॉजी के सहयोग से एम्स भोपाल के बाल रोग विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### भोपाल में हुआ फिल्म निर्माण, भोपाल के ही नाटक कलाकारों ने निभाई भूमिकाएं

# कर्ज के मर्ज से बचने का संदेश देती 'देवालो'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भाषाई फिल्मों के निर्माण का सिलसिला कुछ थम सा गया था जो फिर शुरू हुआ है। मध्य प्रदेश में तीन चार वर्ष बाद देवालो नाम से नई सिंधी फिल्म प्रेम सावलानी के निर्देशन में प्रदर्शित हुई। इसमें राजधानी के सिंधी रंगमंच के कलाकारों ने भी अभिनय किया है। व्यापार क्षेत्र में समय-समय पर अवमूल्यन की घटनायें देखने को मिलती है, जब अधिक मुनाफा कमाने और कर्ज के पैसे पर ऐशो आराम की जिंदगी जीने की नव धनाढ्य लोगों की प्रवृत्ति आत्मघाती बन जाती है। फिल्म का कथानक ऐसे ही एक व्यापारी परिवार से जुड़ा है। बाजार से लिए गए कर्ज का पैसा ना लौटा पाने पर निराशा से ग्रस्त होकर खुद को दिवालिया घोषित करने और



परिवार के सदस्यों द्वारा खुदकुशी जैसे कदम उठाने को कहानी का आधार बनाया गया है। कोरोना काल के पश्चात बनी यह प्रथम सिंधी फिल्म है। इसके लेखक मुरली बलवानी हैं। इसका प्रदर्शन रंगमहल सिनेमाघर में हुआ। पूजा अर्चना में समाजसेवी चंदर लालचंदानी,पूर्व प्रमुख सचिव विधानसभा भगवान देव इसरानी, सेवानिवृत्त आईपीएस एमआर आसुदानी शामिल हुए। भारती ठाकुर,कविता इसरानी,परसो नाथानी , मीता जेसवानी,सुरेश पारवानी , गुल पहलाजानी, कमलेश नाथानी जैसे मंझे हुए रंग कर्मियों का अभिनय सराहा गया। फिल्म रंगमहल सिनेमाघर में एक सप्ताह चलेगी।

**मेट्रो एंकर**

### मिठी में विद्यार्थियों एवं पालकों के लिए जागरूकता-सत्र

# पशु-पक्षियों को गर्मियों में दें दाना-पानी:सिद्धभाऊ

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में पशु-पक्षियों के प्रति सेवा भाव लाने के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। संस्था के प्रमुख संत सिद्धभाऊजी ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को पक्षियों के प्रति दया करने के लिए प्रेरित किया।

सिद्धभाऊजी ने मूक पक्षियों को दाना-पानी देने के पीछे के मनोविज्ञान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वयं का पेट भरने से पहले रात भर के भूखे-प्यासे पशु-पक्षियों को सुबह जल्दी उठकर बिना कुछ खाए-पिये दाना-पानी दें, जिससे उनके हृदय से निकली हुई दुआएँ आपके जीवन को सुखमय बनाएँगी एवं आने वाले संकटों से आपकी एवं आपके परिवार की रक्षा करेंगी। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि जो जेब खर्च आपको माता-पिता से मिलता है उससे छोटी-छोटी बचत कर पक्षियों के लिए दाना लें।

संस्था सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने कहा कि विद्यालय बालकों को मात्र शिक्षित




ही नहीं करता अपितु संस्कारित कर उनके व्यक्तित्व को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयारत है। विद्यालय कॉर्डिनेटर मिनी नायर ने छात्रों को पक्षियों हेतु दाना-पानी रखने के विशेष महत्व और आवश्यकता के संबंध में बताया।

सत्र में विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उपप्राचार्या आशा चंगलानी, कॉर्डिनेटर मिनी नायर, छात्र, अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों के अभिभावकों को दाना पानी के लिए दो सकोरे, एक पक्षी घर और अनाज के दो पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन रश्मि सुजवानी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रतिभा दुबे ने किया।

# चेटीचण्ड उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 21 को

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट द्वारा भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस पर चेटीचण्ड उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करेगा। रविवार 21 अप्रैल 2024 को सायं 7.00 बजे से 9.00 बजे तक सिंधु भवन, मूलचंद मनवानी मार्ग, 7 शिवाजी नगर भोपाल पर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव, विधायक भगवानदास सबनानी एवं कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। साथ ही प्रदेश स्तर व राष्टीय स्तर की प्रतिभाओं को शिक्षा, कला साहित्य, खेलकूद व अन्य विशेष क्षेत्रो में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुंबई के प्रसिद्ध गायक कमलेश कपूर व गायिका दृष्टि कुकरेजा अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे।





# पहला चरण पूरा, अब दूसरे की 7 सीटों पर सियासी जमावट तेज




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** पहले दौर के मतदान के बाद दोनों प्रमुख दल कांग्रेस और भाजपा इस वक्त गुणाभाग में लगे हैं। मतदान प्रतिशत से मतदाता के मिजाज को भांपने की कोशिश हो रही है। इसके साथ ही सभी बड़े नेता व प्रचारक दूसरे व तीसरे दौर के मतदान वाले इलाकों में प्रचार के लिये भी कूद पड़े हैं। दूसरे दौर में मप्र में सात सीटों पर मतदान 26 अप्रैल को है। उधर, मतदान के पहले चरण में दिनभर भाजपा का कंट्रोल रूम भी सक्रिय रहा।


चुनाव प्रचार के दौरान आम लोगों के बीच भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा।

महामंत्री भगवानदास सबनानी ने बताया कि छिंदवाड़ा, सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला व बालाघाट में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान आने वाली गड़बड़ियों व परेशानियों को लेकर विधानसभा, लोकसभा जिला और प्रदेश कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए थे। हर लोकसभा क्षेत्र के लिए दो-दो नेताओं व तीन-तीन अधिवक्ताओं को लगाया गया था। कक्ष में कुल 559 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से 149 शिकायतें राज्य स्तरीय नियंत्रण में प्राप्त हुई हैं, जिन्हें निराकरण के लिए निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दिया गया है। सीधी लोकसभा क्षेत्र से 17 शिकायतें मिली। जिनमें कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश्वर पटेल के भतीजे ध्रुव द्वारा बूथ सुपेला में ईवीएम मशीन उठाकर फेंकने व उपद्रव कर मतदान रोकने की कोशिश भी शामिल है, जबकि शहडोल क्षेत्र से 23, जबलपुर 27, मंडला से 25, बालाघाट 21 और छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 36 शिकायतें राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष को प्राप्त हुई हैं। भोपाल। दूसरे चरण में 6 लोकसभा क्षेत्र की 55 विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। वहीं तीसरे चरण में 9 लोकसभा क्षेत्र की 72 विधानसभा क्षेत्रों में 7 मई को और चैथे चरण में 8 लोकसभा क्षेत्र की 64 विधानसभा क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा।

### भाजपा को जयलोक का समर्थन

भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर जय लोक पार्टी ने समर्थन दे दिया है। शुक्रवार को जय लोक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी को अपनी पार्टी का समर्थन संबंधी पत्र सौंपा है।


गन्ने के रस की चरखी चलाते सीएम डॉ. मोहन यादव

### मूंछें हों तो... मुख्यमंत्री हुए मुरीद

काफी समय पहले आई फिल्म शराबी मशहूर डायलॉग 'मूंछे हों तो नत्थू लाल जैसी हों, वरना ना हों' तो सबने सुना है मगर अब मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस डायलॉग में फेरबदल कर दिया है और यह भी कहा है कि मूल डायलाग भी ऐसा ही होना चाहिये। ग्वालियर में दस फीट की मूंछ वाले बलराम से मिलने के बाद सीएम ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मूंछें हों तो बलराम जैसी हों, वरना ना हों। चुनव प्रचार के दौरान यादव ने कोलायत में यादव की नजर एक व्यक्ति पर उनकी नजर गई, जिनकी मूंछें बहुत बड़ी थीं। मुख्यमंत्री ने उन्हें मंच पर बुलाया और मंच पर से उनकी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह मूंछों को देखकर ऐसा लग रहा है कि यह मूंछे नहीं, माइक का तार है। उन्होंने लोगों से उस व्यक्ति का नाम पूछा तो लोगों ने बताया कि इनका नाम बलराम है। जिस पर मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि 'मूंछें हों तो बलराम जैसी हों।' बलराम के नाम भी कई रिकॉर्ड्स हैं, जिनमें उन्हें लंबी मूंछों के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

### सीएम ने किये रोड शो

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने टीकमगढ़ से भाजपा प्रत्याशी डॉ वीरेंद्र खटीक के समर्थन में रोड शो एवं होशंगाबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के समर्थन में सोहागपुर में आयोजित जनसभा व इटारसी में भी रोड शो में अपनी सहभागिता की है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा से देश के हिन्दू-मुसलमानों के बीच में दरार डालने का कार्य किया है। कांग्रेस आपस में लड़ाकर, झूठ बोलकर राज करती रही। अब देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा है। भारत माता के पीछे 56 इंच के सीने वाला बब्बर शेर खड़ा हुआ है।

### वादे पूरे नहीं किये भाजपा ने - पटवारी

कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भोपाल, सागर और गुना में कांग्रेस प्रत्याशी क्रमश अरूण श्रीवास्तव, गुड्डू राजा बुंदेला और राव यादवेन्द्र सिंह द्वारा नामांकन दाखिल करने के दौरान नामांकन रैली में शिरकत की। पटवारी ने कहा कि भाजपा राज में युवा, महिला और किसान परेशान हैं, वहीं आदिवासियों पर यदि अत्याचार हो रहे हैं तो सबसे ज्यादा मप्र में हो रहे हैं। भाजपा सरकार किसानों से किये वादों को पूरा क्यों नहीं कर रही है, धान और गेहू का 2700 और 3100 रुपए समर्थन मूल्य नहीं दिया जा रहा है? पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव ने कहा कि प्रदेश की देश की भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में जनता के साथ धोखा किया है। चाहे महिलाओं पर अत्याचार की बात हो, युवाओं की शिक्षा, रोजगार की बात हो या फिर किसानों के सम्मान की बात हो सभी के हितों पर कुठाराघात किया है।


नामांकन रैली में जीतू पटवारी।

**सी सर्टिफिकेट परीक्षा**

## यूआईटी आरजीपीवी के रोहन प्रथम, राशि को तृतीय स्थान



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के यूआईटी आरजीपीवी कैंपस की एक एमपीसीटीआर एनसीसी यूनिट के कैडेटस ने भोपाल ग्रुप की सी सर्टिफिकेट परीक्षा में छात्र रोहन रायकवार ने ओवर आल पोजीशन मे प्रथम स्थान तथा छात्रा कुमारी राशि कुशवाह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। भोपाल ग्ररुप की नेशनल कैडेट कोर सी सर्टिफिकेट परीक्षा में 8 बटालियनों के 1414 कैडेटस शामिल हुए थे, जिसमे यूआईटी आरजीपीवी के एनसीसी कैडेट्स ने अपनी लगन एवं कड़ी मेहनत कर बेस्ट परफॉरमेंस दिया है।

## 9वीं-11वीं विद्यार्थियों के संशोधन व अंक प्रविष्टि 15 मई तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने कक्षा 9वीं और 11वीं विद्यार्थियों के संशोधन एवं अंक प्रविष्टि को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। माशिमं ने वर्ष 2023-24 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं निर्धारित तिथि में प्रवेशार्थी छात्रों को लेकर यह दिशा-निर्देश जारी किए हैं। माशिमं ने शुक्रवार को इस संबंध आदेश जारी करते हुए संशोधन एवं अंक प्रविष्टि के लिए 15 मई तक तारीख में बढ़ोत्तरी कर दी है। पूर्व में इसके लिए 15 अप्रैल अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी।

## सत्यापन की आज अंतिम तारीख

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षक रखें जाने हैं। इनके दस्तावेजों का सत्यापन संकुल स्तर पर कराया गया। यहां कई आवेदकों के दस्तावेजों में गलती होने के बाद भी उन्हें सत्यापित कर दिया। जिसका असर चयन प्रक्रिया पर पड़ सकता है। इसमें सुधार के लिए 20 अप्रेल तक काम होना है। राजधानी सहित प्रदेश के स्कूलों के लिए संकुल प्राचार्यों के माध्यम से अतिथि शिक्षकों के लिए आवेदन मंगाए गए।

## मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों की फीस तय कराने आवेदन 30 तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों की फीस तय कराने के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 30 अप्रेल है। इसके लिए कॉलेज संचालक प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति (एएफआरसी) की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। कमेटी के ओएसडी देव आनंद हिंडोलिया ने बताया कि फीस कमेटी कॉलेज की कॉस्ट ऑफ एजुकेशन को देखते हुए फीस तय करेगी। कमेटी यह देखेगी कि कॉलेज जितनी फीस की मांग कर रहे हैं, वह उतना छात्र की शिक्षा पर खर्च भी कर रहे हैं या नहीं। इसके बाद ही दी जा रही सुविधाओं के आधार पर कॉलेजों की फीस तय की जाएगी। खास बात यह है कि हर कॉलेज के लिए फीस तय करवाना जरूरी होता है। अगर कॉलेज फीस तय नहीं कराते हैं, तो वे काउंसलिंग की प्रक्रिया में हिस्सा भी नहीं ले सकते हैं। भले ही फीस बढ़ाई नहीं जाए। कमेटी कॉलेजों की फीस तीन साल के लिए तय करती है।

## मई से मिलेगा निगम के विनियमित कर्मचारियों को बढ़ा हुआ डीए, वृद्धि एक जुलाई 2023 से होगी लागू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र शासन द्वारा बढ़ाया गया मंहगाई भत्ता नगर निगम के विनियमित कर्मचारियों को मई माह से मिलेगा। इसके आदेश नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण ने जारी कर दिया है। मंहगाई भत्ते में यह वृद्धि एक जुलाई 2023 से की गई है। ऐसे में बचे हुए नौ महीने का एरियर भी तीन समान किश्तों में दिया जाएगा। नगर निगम के विनियमित कर्मचारियों ने शासन द्वारा बढ़ाए गए मंहगाई भत्ते को जल्द लागू करने की मांग की थी। आदेश जारी होने के बाद कर्मचारियों के वेतन में हर माह करीब 500 रुपये की वृद्धि होगी। मंहगाई भत्ता एक जुलाई 2023 से बढ़ाया गया है। ऐसे में निगम को नौ महीने का एरियर भी देना होगा। यह राशि मई, जून और जुलाई में तीन किश्तों में दी जाएगी। इससे विनियमित कर्मचारियों को आगामी तीन महीने तक हर माह 1500 रुपये और उस महीने का बढ़ा हुआ डीए मिलेगा।




**मेट्रो एंकर** मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में समुदाय आधारित जल संरक्षण पर व्याख्यान

## हमें जल क्रांति लानी होगी और यह सिर्फ जनक्रांति से ही आएगी - उमाशंकर पांडे

### आवाहन: प्रत्येक व्यक्ति को हर रोज करीब दो से दस लीटर पानी बचाना चाहिए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय में शुक्रवार को समुदाय आधारित पारंपरिक जल संरक्षण विषय पर आधारित एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पद्म सम्मानित उमाशंकर पांडे संबोधित किया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय तिवारी द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता उमाशंकर पांडे ने कहा कि पानी बनाया नहीं जा सकता, लेकिन बचाया अवश्य जा सकता है। हमें जल क्रांति लानी होगी और यह सिर्फ जन क्रांति से आएगी। जल स्वराज आएगा तो जन स्वराज आएगा। अच्छी संतान ही अच्छे राष्ट के लिए कार्य करती है। पानी बचाना केवल सरकार का काम नहीं है। यह समाज का काम है। हमें पानी बचाने के उपाय खुद करने होंगे। उन्होंने कहा कि, राजा भोज द्वारा लिखित जल विज्ञान पुस्तक लगभग 1200 साल पहले लिखी गई थी। जल के बारे में जानना है तो, उसे अवश्य पढ़ना चाहिए। अंत में उन्होंने आवाहन किया कि, प्रत्येक व्यक्ति को हर रोज लगभग 2 से 10 लीटर पानी बचाना चाहिए।

### भारत में पांच सबसे बड़े जल योद्धा हुए

वास्तव में भारत में पांच सबसे बड़े जल योद्धा हुए हैं, सबसे पहले भागीरथ जिन्होंने अथक प्रयास कर गंगा को पृथ्वी पर उतारा, दूसरी जल योद्धा थी माता अनुसुइया जिनने मंदाकिनी नदी की पृथ्वी का मार्ग दिखाया, तीसरे जल योद्धा थे राजा भोज जिन्होंने अपने राज्य में भोपाल के तालाब सहित कई बड़े-बड़े तालाबों का निर्माण करवाया, चैथी जल अयोध्या थीं रानी दुर्गावती जिन्होंने अपने गोंडवाना क्षेत्र में हजारों की संख्या में तालाब बनवाए और पांचवी जल योद्धा थी देवी अहिल्याबाई होलकर जिन्होंने अपने राज्य में और राज्य के बाहर भी कई बावड़ी और तालाबों का निर्माण करवाया।



## संपादकीय

# कैसे बने भरोसे की जमीन

कई राज्यों के लिये समस्या बना हुआ नक्सवाद फिर चर्चा में आ गया है। ऐन चुनाव के वक्त छत्तीसगढ़ के कांकेर में बहुत बडा आपरेशन हुआ है जिसमें सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में उनतीस नक्सलियों को मार गिराया है। यह बड़ी कामयाबी है क्योंकि इस वर्ष इस घटना सहित अब तक करीब अस्सी नक्सली मारे जा चुके हैं। सरकार का कहना है कि छत्तीसगड़ में नक्सली कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं जल्दी ही उन पर पूरी तरह नकेल कसी जा सकेगी। मगर केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे दावे पहली बार नहीं कर रहीं। बल्कि अक्सर करती आ रही हैं। दूसरी तरफ सच यह भी है कि अनेक उपायों, रणनीतियों और प्रयासों के बावजूद वहां माओवादी हिंसा पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर नक्सली सक्रिय हो उठते और घात लगाकर सुरक्षाबलों पर हमला कर देते हैं। तब लगता है कि अभी सरकारों को बहुत काम करना बाकी है। अगर सचमुच नक्सलियों को कुछ इलाकों तक समेट दिया गया होता और उनके संगठन कमजोर हो गए होते, तो उनके पास अत्याधुनिक हथियारों की पहुंच संभव न होती, सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उनके पास कारगर संचार प्रणाली कैसे आतीड़ छत्तीसगढ़ में करीब चालीस वर्ष से माओवादी हिंसा का दौर चल रहा है। चुनाव के माहौल में सुरक्षाबलों की ताजा कामयाबी से नक्सली उपद्रवियों का मनोबल जरूर कमजोर होगा, पर समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए व्यावहारिक कदम की अपेक्षा बाकी है। इसकी वजहों में जाएं तो आदिवासियों को लगता है कि सरकार उनके जंगल और जमीन छीन कर उद्योगपतियों को सौंप देना चाहती है। वे इसका विरोध करते रहे हैं। शुरू में इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाने की कोशिश की गई, मगर वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंची तो बंदूक के जरिए उन पर काबू पाने का प्रयास किया जाने लगा। यहां तक कि आदिवासियों और समर्पण करने वाले नक्सलियों को ही बंदूक देकर नक्सली संगठनों के खिलाफ खड़ा करने की रणनीति अपनाई गई। उसमें खून-खराबा हुआ, मगर नक्सली समस्या समाप्त कर पाना संभव नहीं हुआ। ब तो हेलीकाप्टर, ड्रोन और अत्याधुनिक संचार तकनीकी के जरिए उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाने लगी है। मगर नक्सली कई मौकों पर सुरक्षाबलों को अपने जाल में फंसा कर हमला करते रहे हैं। दो साल पहले उन्होंने बीजापुर में बाईस सुरक्षाबलों को मार गिराया था। दरअसल, नक्सली समस्या से पार पाने के लिए दो तरह के विचार काम करते रहे हैं, जिसमें आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके इलाकों में विकास कार्यक्रमों पर बल देने की सिफारिश की जाती रही है। इसके तहत पिछली सरकार ने कई योजनाएं भी चलाई थी, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। दूसरा विचार बंदूक के बल पर नक्सलियों के सफाए का रहा है। सच्चाई यही है कि उनसे निपटने के लिए कोई व्यावहारिक नीति आज तक नहीं बन पा रही। माना जाता है कि कई निरपराध आदिवासी भी बंद हैं, उनकी रिहाई के बारे में कोई कदम नहीं उठाया जा सका है। अलबत्ता हालिया बरसों में एक नीति बनाने पर जरूर जोर दिया गया था, जिसमें उनसे बातचीत का प्रस्ताव भी था, मगर वह नीति बन नहीं सकी। स्थानीय आदिवासियों में यदि भरोसा पैदा हो जाए कि सरकार उनके जीवन में बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है तो शायद मुद्दे पर सार्थक बात बढ़े।

''जब आप फ़िक्र में होते है तो आप जलते है,जब आप बेफिक्र होते है तो दुनिया जलती है।''

– अज्ञात

# ईरान-इजरायल टकराव से कई मुल्कों पर असर लाजमी, तेल की कीमतों में लगेगी आग

■ मरिआना बाबर

पिछले रविवार को जैसे ही पाकिस्तान के लोग जगे, उन्हें यही खबर मिली कि ईरान ने इस्राइल पर हवाई हमला कर दिया है और सैन्य अभियान अब भी जारी है। मेरी तत्काल प्रतिक्रिया थी कि इस्राइल भी पलटवार करेगा और इस क्षेत्र में एक नया युद्ध शुरू होने जा रहा है। ईरान और इस्राइल के बीच स्थित कई अरब देश भी इससे प्रभावित होंगे। हालांकि पिछले रविवार पाकिस्तान की सड़कों पर जीवन सामान्य था और आम लोगों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ा कि ईरान ने युद्ध की घोषणा कर दी है। जो लोग टीवी देख रहे थे, केवल वही इस खबर में दिलचस्पी ले रहे थे, अन्यथा किसी को इसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी। यहां तक कि पाकिस्तान की हुकूमत भी चुप थी। हालांकि पाकिस्तान में एक्स (ट्विटर) पर प्रतिबंध है, अधिकांश लोग इसे एक्सेस करने के लिए वीपीएन का इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार की तरफ से भी इस पर कोई बयान नहीं आया, विदेश मंत्री का भी नहीं। मैंने ट्वीट करके प्रधानमंत्री को आपातकालीन सुरक्षा बैठक बुलाने के लिए कहा, क्योंकि स्थिति बहुत अप्रत्याशित थी और यह युद्ध किसी भी दिशा में जा सकता था। हालांकि दुनिया की कई सरकारें एक-दूसरे तथा ईरान और इस्राइल के संपर्क में थीं, लेकिन पाकिस्तान के मंत्री एवं अधिकारी बिल्कुल शांत थे। अन्य मुल्कों की तरह पाकिस्तान में तेल बहुत महंगा है और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की पहुंच से बाहर है, इसलिए मेरा पहला विचार यही था कि अगर पड़ोस में युद्ध होता है, तो तेल की कीमतें आसमान छूने लगेंगी।

पड़ोस में युद्ध पाकिस्तान के लिए कोई नई बात नहीं है। हममें से कई लोग भारत के साथ युद्ध से गुजर चुके हैं और अफगानिस्तान भी कभी शांत नहीं रहा है। इसलिए अब दूसरे पड़ोसी ईरान को युद्ध में शामिल होते और इसके प्रभाव को पसरते देखना डरावना था। लंबी और साझी सीमा के साथ ईरान पाकिस्तान का निकट पड़ोसी है। कभी-कभी दोनों तरफ के आतंकवादी हमले करते हैं और पाकिस्तान-ईरान सीमा पर तस्करों के साथ झड़पें होती हैं, लेकिन आम तौर पर स्थानीय प्रशासन इससे निपटता है। सीमा पर विशेष रूप से पेट्रोल की तस्करी आम बात है और ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारियों की इसमें मिलीभगत होती है और यह लगातार उनकी नाक के नीचे होता है। व्यवसायी अक्सर शिकायत करते हैं कि ईरान से होने वाली तस्करी उनके व्यवसाय को नुकसान पहुंचा रही है, लेकिन सरकार उस पर कोई ध्यान नहीं देती। एक बार सरकार ने घोषणा की कि वह तस्करी को बर्दाश्त नहीं करेगी और उससे कठोरता से निपटेगी। इससे थोड़े समय के लिए तस्करी पर विराम लगा, लेकिन क्वेटा के दुकानदारों ने ईरानी दरी की कीमत बढ़ा दी। उनकी शिकायत थी कि इन दरियों की भारी मांग है, लेकिन सीमा पार से दरियां नहीं आती हैं, इसलिए कीमत बढ़ गई है। लेकिन तस्करी सौ फीसदी कभी नहीं रुकी और अब भी जारी है। कुछ समय पहले ईरान ने बलूचिस्तान के भीतर हवाई हमले करके दुनिया को चौंका दिया था। उसका आरोप था कि ईरान-विरोधी आतंकवादी गुट वहां रहते हैं। उसके बाद पाकिस्तान ने भी ईरान के इलाकों पर बमबारी की और दावा किया कि ईरान के भीतर पाकिस्तान-विरोधी आतंकी गुटों को सुरक्षित पनाह मिली हुई है। सवाल उठता है कि अगर पाकिस्तान और ईरान, दोनों जानते हैं कि उनकी जमीन पर आतंकवादी गुट हैं, तो उन्हें दोनों मुल्कों द्वारा संरक्षण क्यों दिया जाता है। क्या दोनों मुल्क उन्हें





प्रॉक्सी के तौर पर इस्तेमाल करते हैं? इससे दोनों मुल्कों के नागरिकों को बेहद खतरनाक और भ्रामक संदेश जाता है, जो एक-दूसरे को अपना मजबूत सहयोगी और मुस्लिम भाईचारे के हिस्से के रूप में देखते हैं और कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर एक साथ खड़े हैं। खैर, दोनों पक्षों के पीछे हटने से समझदारी कायम हुई। ईरान ने कूटनीतिक रिश्ते की बहाली के लिए अपने विदेश मंत्री को पाकिस्तान भेजा। अब दोनों मुल्कों के रिश्ते बेहतर हैं और इसी महीने के अंत में ईरानी राष्ट्रपति पाकिस्तान के दौरे पर आने वाले हैं। इस्राइल पर ईरान के हमले ने, जिसमें अमेरिका, अन्य पश्चिमी देश एवं जॉर्डन इस्राइल की सहयता के लिए आगे आए, मुझे दो बातें याद दिला दीं। पहली, दुनिया भर के मुल्कों को आशंका थी कि ईरान सीरिया में अपने राजनयिक मिशन पर हमले और वरिष्ठ अधिकारियों की मौत का बदला लेगा, लेकिन शक्तिशाली वायु सेना का दावा करने वाला इस्राइल हमले से हैरान रह गया। अमेरिका के नेतृत्व में बाहरी शक्तियां उसकी मदद के लिए आगे आईं। पश्चिमी समर्थकों की मदद के बिना इस्राइल अपनी रक्षा करने में असमर्थ था और वहां जान-माल का भारी नुकसान होता। दिलचस्प है कि जब इस्राइल ने कूटनीतिक नियमों का उल्लंघन कर सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमला किया, तो पश्चिमी देशों ने उसकी आलोचना नहीं की, लेकिन जब ईरान ने जवाबी कार्रवाई की, तो वे सभी ईरान की आलोचना करने लगे।

दूसरी बात को इस हफ्ते पाकिस्तान दौरे पर आए सऊदी विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान और पाकिस्तानी विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में अच्छी तरह से समझाया। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसी बातें हैं, जिन पर बात करने में सबको शर्म आती है। दोनों विदेश मंत्रियों ने कहा कि जबसे इस्राइल और हमास के बीच युद्ध शुरू हुआ है, इस्राइल ने 30 हजार से ज्यादा फलस्तीनियों की गाजा में हत्या कर दी है। उन्होंने पूछा कि जब इस्राइल ने गाजा में अस्पतालों, स्कूलों, खेल के मैदानों, आवासीय घरों पर बम गिराया, तो इस्राइल समर्थक पश्चिमी लॉबी ने उन्हीं तकनीकों से इस्राइल को रोकने की कोशिश क्यों नहीं की, जिन तकनीकों से उन्होंने ईरानी हमले से इस्राइल को बचाया है? आप कल्पना कर सकते हैं कि ऐसा करने पर कितने सारे बच्चे बच जाते! सिर्फ अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने इस्राइल को तत्काल ईरान पर बमबारी करने से रोका और उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि इस्राइल ईरान पर हमला करता है, तो अमेरिका समर्थन नहीं करेगा। लेकिन क्या इस्राइल ईरान पर हमला करने से बाज आएगा? सऊदी विदेश मंत्री ने कहा, हम एक अस्थिर क्षेत्र में रहते हैं। यह क्षेत्र गाजा की मानवीय आपदा का दंश झेल रहा है और हमें और संघर्ष की आवश्यकता नहीं है, हम और टकराव नहीं चाहते।

– साभार

## आज का इतिहास

- 1818 इंग्लैंड में किंग्स बेंच की अदालत के चार दिन बाद एशफोर्ड बनाम थॉर्नटन में लड़ाई द्वारा मुकदमे के अधिकार को रोक दिया गया, वादी ने लड़ने से इनकार कर दिया, जिससे प्रतिवादी को मुक्त होने की अनुमति मिली।
- 1828 फ्रांसीसी खोजकर्ता रेने कैलीए टिम्बकटू में प्रवेश करने वाले पहले मुस्लिम होने की पुष्टि करते हैं, जिसके लिए बाद में उन्हें सोसिएटी डे जियोग्राफ़ी से 10,000-फ़्रैंकप्राइज़ प्राप्त हुआ।
- 1836 विस्कॉन्सिन क्षेत्र बनायीं थी, पहली राजधानी बेल्मॉन्ट बनी।
- 1845 रोमोन कैस्टिला पेरू के राष्ट्रपति बनाये गए।
- 1878 ऑस्ट्रेलिया में पहली बार स्टॉवेल गिफ्ट चलाया शुरू किया गया।
- 1884 पोप लियो ने फेमीसोनरी के साथ-साथ लोकप्रिय संप्रभुता और चर्च और राज्य के अलग होने के रूप में इसके साथ जुड़े कई मान्यताओं और प्रथाओं का खंडन करते हुए विश्वकोशीय ह्यूमनम जीनस प्रकाशित किया।
- 1889 जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर का जन्म।
- 1914 कोलोराडो के नेशनल गार्ड और कोलोराडो में हड़ताली कोयला खनिकों के बीच एक आग और बंदूक की लड़ाई के कारण लुडलो नरसंहार में 17 लोगों की मौत हो गई।
- 1920 अलबामा और मिसीसीपी में तूफान से 219 लोगों की मौत।
- 1921 फेरेंक मोलनर का नाटक लिलीओम पहली बार ब्रॉडवे शहर में अंग्रेजी में बनाया गया।
- 1939 बिली हॉलिडे ने स्ट्रेंज फ्रूट के अपने संस्करण को रिकॉर्ड किया, जिसे नागरिक अधिकार आंदोलन के प्रतीक के रूप में प्रसिद्धि मिली।
- 1939 एडॉल्फ हिटलर का 50 वां जन्मदिन नाजी जर्मनी में एक राष्ट्रभक्त के रूप में मनाया गया।
- 1939 जर्मनी में तानाशाह एडोल्फ हिटलर के 50वें जन्मदिन को राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया गया।
- 1968 ब्रिटिश संसद के सदस्य हनोक पॉवेल ने आव्रजन और भेदभाव-विरोधी कानून के विरोध में अपने कॉन्ट्रोवर्शियल रिवर ऑफ ब्लड भाषण दिया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें शादो मंत्रिमंडल से हटा दिया गया।
- 1968 पियरे ट्रूडो ने लेसन बी पियर्सन को कैनाडा का प्रधान मंत्री बनाया।
- 1969 रॉयल अल्स्टर कॉस्टैबुलरी को मजबूत करने के लिए ब्रिटिश सैनिक उत्तरी आयरलैंड में पहुंचे।
- 1972 अपोलो-16 अभियान छह घंटों तक संकट से जूझने के बाद चंद्रमा पर उतर गया, जॉन यंग और चार्ल्स ड्यूक की टीम चंद्रमा पर उतरने वाली इतिहास की पांचवीं टीम बनी।
- 1973 कनाडा का एएमआईके ए-2 पहला व्यावसायिक उपग्रह बना।
- 1978 सोवियत लड़ाकू विमानों ने सोवियत एयरस्पेस को उड़ाने के बाद कोरियाई एयर लाइंस फ्लाइट 902 को मार गिराया।
- 1986 सेंट जेम्स थिएटर न्यूयॉर्क सिटी में जेरी की लड़कियां 139 प्रदर्शन के बाद बंद हो गईं।

## निशाना

### कौन किस पर भारी !



- कृष्णेन्द्र राय

होगी किसकी जीत ।
कौन किस पर भारी ।।
ज़ोर शोर से सबकी ।
है अपनी तैयारी ।।
सबके अपने दावे ।
और हैं विचार ।।
फैसला पर जनता का ।
करना भी स्वीकार ।।
अपने अपने क्षेत्र में ।
ठोक रहे सब ताल ।।
दिन है वो नज़दीक ।
करने को कमाल ।।
चढ़ा सियासी पारा ।
पाने को अधिकार ।।
हैं सारे आश्वस्त ।
उन्हें पहनना हार ।।

## ऐगई का महल, जहां सिकंदर महान ने संभाली थी शासन की बागडोर



सिकंदर महान के पिता के शासनकाल के दौरान 2,300 वर्षों से अधिक समय पहले बनाया गया ऐगई का महल 16 साल चले जीर्णोद्धार कार्य के बाद बीते शुक्रवार को उत्तरी ग्रीस के बंदरगाह शहर थेस्सालोनिकी के दक्षिण-पश्चिम में करीब 65 किलोमीटर दूर प्राचीन ऐगई में फिर से पूरी तरह से खोल दिया गया। प्राचीन ग्रीस की इस सबसे बड़ी इमारत में ही सिकंदर महान को ऐतिहासिक विजय अभियान से पूर्व राजा घोषित किया गया था।

# कानूनी सख्ती के बावजूद क्यों पनप रही है बाल-तस्करी?

ललित गर्ग

राजधानी दिल्ली में तमाम जांच एजेंसियों की नाक के नीचे नवजात बच्चों की खरीद-फरोश्त की मंडी चल रही थी जहां दूधमुंहे एवं मासूम बच्चों को खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा था। दिल्ली की 'बच्चा मंडी' के शर्मनाक एवं खौफनाक घटनाक्रम का पर्दापाश होना, अमानवीतया एवं संवेदनहीनता की चरम पराकाष्ठा है। जिसने अनेक ज्वलंत सवालों को खड़ा किया है। आखिर मनुष्य क्यों बन रहा है इतना क्रूर, अनैतिक एवं अमानवीय सचमुच पैसे का नशा जब, जहां, जिसके भी सर चढ़ता है वह इंसान शैतान बन जाता है। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी कर ऐसे ही शैतानों के कुकृत्यों का भंडाफोड किया और एक महिला समेत सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, इसके साथ ही तीन नवजात शिशुओं को उनके चंगुल से बचाया। आरोपियों में एक अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर को इस धंधे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। न केवल दिल्ली वालों के लिए बल्कि देशवासियों के लिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली ही नहीं है, बल्कि खौफ पैदा करने वाली भी है।

दिल दहाले देने वाली इस घटना में सीबीआई की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के माध्यम से बच्चे गोद लेने के इच्छुक निसंतान दंपतियों से जुड़ते थे। आरोपी कथित तौर पर वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सेरोगेट माताओं से भी नवजात बच्चे खरीदते थे। इन नवजात बच्चों को चार से छह लाख रुपए में बेच दिया जाता था। जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आए आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निसंतान दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां-कहां हैं इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। यह गिरोह आईवीएफ के माध्यम से युवतियों को गर्भधारण कराता था फिर इन शिशुओं को बेचता था। गरीब माता-पिता से भी बच्चे खरीदे जाते थे। बच्चों की खरीद-फरोख्त और बच्चों की तस्करी एक ऐसी समस्या है जिस पर तभी ध्यान जाता है जब कोई सनसनीखेज खबर सामने आती है।

अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है कि चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे हैं। नीति एवं निष्ठा के केन्द्र बदलने लगे हैं। मानवीयता एवं नैतिकता की नींव कमजोर होने लगी है। आदमी इतना खुदगर्ज बन जाता है कि उसकी सारी संवेदनाएं सूख जाती है। बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पर्दाफाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुर्माने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त में लिप्त हो जाते हैं। बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त के अनेक कारण हैं।

देश में युवाओं के एक वर्ग की सोच में बदलाव भी परोक्ष रूप से बाल-तस्करी को बड़ावा दे रहा है। एक सर्वे में खुलासा हुआ था कि भारत के नौ फीसदी युवा शादी तो करना चाहते हैं लेकिन बच्चे नहीं पैदा करना चाहते। संतान सुख के लिए उन्हें बच्चे खरीदने से परहेज नहीं है। हैरत की बात यह है कि देश के ढाई करोड़ से ज्यादा अनाथ बच्चों में से किसी को गोद लेने का विकल्प होने के बावजूद ऐसे युवा कई बार बाल तस्करी करने वालों से संपर्क तक साध लेते हैं। बाल-तस्करी भारत की एक उभरती एवं ज्वलंत समस्या है। यह केवल भारत की ही नहीं, दुनिया की बड़ी समस्या है। पिछले साल एक एनजीओ की रिपोर्ट में बताया गया था कि 2016 से 2022 के बीच बाल तस्करी के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार क्रमशः दूसरे, तीसरे नंबर पर थे। इस अवधि में मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना में भी कई मामले दर्ज हुए। कोरोना काल के बाद दिल्ली में बाल तस्करी के मामलों में 68 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। यह भी देखने में आया कि जिलों की बाल तस्करी से जुड़े मामलों में जयपुर पहले स्थान पर रहा।

पिछले साल संसद में पेश राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2021 में हर दिन औसतन आठ बच्चों की तस्करी हुई। देश के ही भीतर यह तस्करी होती है लेकिन संगठित गिरोह कुछ बच्चों की खाड़ी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में भी तस्करी करते हैं। एनसीआरबी के मुताबिक 2019 से 2021 के बीच देश में 18 साल से कम उम्र की 2.51 लाख लड़कियां लापता हुईं। इनमें से ज्यादातर मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगड़ और ओडिशा की थी। बचपन अगर बाल तस्करी के बीच फंसकर रह जाए तो बच्चा अपने बचपन, क्षमता और मानवीय गरिमा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास से भी वंचित रह जाता है। गौरतलब है कि बच्चों के घरेलू काम, विभिन्न क्षेत्रों में बाल श्रम, भीख मांगना, अंग तस्करी और व्यावसायिक यौनकर्म जैसी अवैध गतिविधियां बाल तस्करी की कोख से ही जन्म लेती हैं। सरकार और समाज को इससे मिलकर निपटना होगा। इस समस्या की जड़ में गरीबी भी है। इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यावहारिक और ठोस नीति बनाई जानी चाहिए कि बाल तस्करी के समूल उन्मूलन की जमीन तैयार हो सके। इसे देश की विडंबना कहें या दुर्भाग्य कि आज बहुत से अजन्मे मासूम तो मां के गर्भ में आते ही जीवन-मृत्यु से जूझने लगते हैं। जन्म लेने के बाद इस देश में बच्चों को बेच दिया जाता है या ऐसे बच्चों का एक बहुत बड़ा वर्ग चौराहों, रेलवे स्टेशन, गली-मोहल्ले में भीख मांगता मिल जाएगा। बहुत सारे बच्चों का बचपन होटलों पर काम करते या जूठे बर्तन धोते हुए या फिर काल कोठरियों में जीवन बिताते हुए कट जाता है। यों भी कह सकते हैं कि उनका जीवन आज अंधेरे में कट रहा है, दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत का बचपन आर्थिक कारणों से घायल है। बच्चे को बेचे और खरीदे जाने में जितने लोग, जिस तरह शामिल होते थे, वह नये बनते भारत के भाल पर एक बदनुमा दाग है। क्यों कानून का डर ऐसे अपराधियों को नहीं होताड़ क्यों सरकारी एजेंसियों की सख्ती भी काम नहीं आ रही है और लगातार ऐसी घटनाएं बड़ती जा रही हैं। यहां प्रश्न कार्रवाई का नहीं है, प्रश्न है कि ऐसी विकृत एवं अमानवीय सोच क्यों पनप रही है।



– साभार

# कागपुर ग्राम में मतदाताओं ने शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया



**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

चुनाव का पर्व, देश का गर्व थीम पर विदिशा जिले में भी मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न प्रकार की स्वीप गतिविधि आयोजित की जा रही हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ तथा स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर योगेश भरसट आज विदिशा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कागपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजन में शामिल हुए।

कलेक्टरने कागपुर ग्राम के मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले निर्वाचन में ग्रामीण मतदाताओं ने 82 प्रतिशत मतदान कर एक अभिनव पहल की थी उन्होंने ग्रामीण मतदाताओं से कहा कि यदि गांव के मतदाता 82 प्रतिशत मतदान कर सकते हैं तो 100 प्रतिशत मतदान क्यों नहीं कर सकते। जिस पर ग्रामीणों ने भी संकल्प लेते हुए आश्वस्त कराया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में वह इस बार शत-प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना सराहनीय योगदान देंगे।कलेक्टर श्री वैद्य ने ग्रामीण जनों के आश्वासन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प के लिए साधुवाद व्यक्त किया। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर योगेश भरसट ने भी ग्रामीण जनों को संबोधित कर उनके

### नव दंपति ने मतदान करने की ली शपथ

ग्राम पंचायत कागपुर में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में नव दंपति वर-वधु श्री देवेंद्र तथा श्रीमती पूजा जाटव ने भी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान तिथि 7 मई को मतदान अवश्य करेंगे का संकल्प लिया है और जिले के समस्त मतदाताओं को संदेश दिया है कि वह नियत तिथि को अपने नियत मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस दौरान उपस्थित ग्रामीण जनों व नव दंपति वर-वधु ने मतदाता जागरूकता की शपथ का वाचन किया।

### मतदाता जागरूकता को लेकर जिले में निकाली की जा रही रैलियां

# दीवारों पर स्लोगन लिखकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 की निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना के निर्देशों के परिपालन में जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां निरन्तर आयोजित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित की जा रही गतिविधियों की इसी श्रृंखला में शुक्रवार 19 अप्रैल को कलेक्ट्रेट गेट से जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता महारैली का आयोजन किया। रैली के एक हजार से अधिक लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर जनसामान्य में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। रैली मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के नेतृत्व में निकाली गई। रैली में समाजसेवी संस्था, लायंस क्लब, स्वसहायता समूह, आंगनबाड़ी, खेलसंघ, गृह विज्ञान महाविद्यालय, नर्मदा महाविद्यालय, सेमेरिटन स्कूल, सरवाईट स्कूल,शांति निकेतन स्कूल, स्प्रींगडेल्स स्कूल, शासकीय कन्या उमावि के विद्यार्थियों सहित शिक्षका/शिक्षिकाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर जनसामान्य को मतदान में अपनी हिस्सेदारी निभाने के लिए जागरूक किया।

रैली में विद्यार्थियों ने बैंड बजाकर रैली को आमजन के बीच आकर्षण का केन्द्र बनाने में महती भूमिका निभाई। रैली में खेल संघो ने मतदाता जागरूकता के लिए हॉकी, हैण्डबॉल, व्हालीबॉल, कराते, फुटबॉल, बैडमिंटन जैसे अन्य खेलो की झांकी प्रस्तुत कर जनसामान्य का ध्यान आकर्षित किया।

मतदाता जागरूकता रैली में जिला खेल अधिकारी सुश्री उमा पटेल, लायंस क्लब के दिलीप सिंह डांगी, जिला प्रशासन से शेलेष उइके, जिला शिक्षा विभाग से वंदना रघुवंशी, बख्तावर खान, कमल पटेल, स्नेहा, चेतन आंकरे, आस्कर ऐरिन मोजिस, पवन कुमार, चंदा मिश्रा, दारासिंह, जयसिंह भदौरिया की अहम भूमिका रही। रैली के रूट का संचालन श्रीमती आरती शर्मा ने कुशलता पूर्वक किया। रैली का समापन एसपी ऑफिस के सामने कमला नेहरू पार्क में संपन्न हुआ। रैली में शामिल सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षिकाओं व रैली में शामिल अन्य आमजनो को आगामी 26 अप्रैल को मतदान में शतप्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। रैली के सफलता पूर्ण आयोजन में जिला चिकित्सालय, नगर पालिका एवं यातायात विभाग का भी सराहनीय सहयोग रहा।

## कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा की छात्राओं ने ली शपथ



**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में नर्मदापुरम जिले के कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कन्या शिक्षा परिसर में छात्राओं एवं कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ ली, शपथ में छात्राओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी नागरिकों से भाग लेने की अपील की। छात्राओं ने दीवार लेखन कर मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे। रंगोली बनाकर तथा मानव श्रृंखला निर्मित कर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील संपूर्ण जिले के मतदाताओं से की गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य एस. के. द्विवेदी, यू. एस. राठौर, छात्रावास अधीक्षक सहित बड़ी संख्या में छात्राएं एवं कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा कर्मचारी उपस्थित थे।

### मतदान केन्द्रों के कवरेज के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश

# प्राधिकार पत्र को प्रयोग करने के लिए इन दिशा-निर्देशों का पालन करना जरूरी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मीडिया प्रतिनिधियों को जारी प्राधिकार पत्र इस विनिर्दिष्ट शर्त के अधीन जारी किया जाता है कि इस प्राधिकार पत्र के धारक को पूरे समय रिटर्निंग ऑफिसरों, सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों, पीठासीन अधिकारियों, मजिस्ट्रेटों, ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों के सभी निर्देशों का पालन करना होगा। किसी भी स्थिति में यह प्राधिकार पत्र हस्तान्तरणीय नहीं है और इसका प्रयोग केवल उस व्यक्ति द्वारा ही किया जाएगा जिसका नाम पन्ने की दूसरी तरफ दिया हुआ है। प्राधिकार पत्र के धारक की पहचान के बारे में पीठासीन अधिकारी अपनी संतुष्टि करेंगे। इसमें जिसका नाम दिया गया है उस व्यक्ति को छोड़कर किसी अन्य के द्वारा इसका प्रयोग गंभीर अपराध है और इस कारण वह व्यक्ति उचित कानूनी कार्यवाही का भागी होगा।

व्यक्ति सहज पहचान के लिए अपना पहचान- पत्र और परिचय कार्ड साथ में लाएं, जो उन्हे उस संस्था द्वारा जारी किया है, जिसका वह प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मतदान केन्द्र में प्रवेश करने वाले मीडिया के लोगों को चाहिए कि वे किसी प्रतिबंधित दस्तावेज को हाथ नही लगाएं और न ही किसी व्यक्ति का साक्षात्कार लें और किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैलाए। मतदान केन्द्र के अंदर किसी भी प्रकार का दखल व्यवहार लो0 प्रति0 अधिनियम, 1951 की धारा 131 (1) (ख) के अधीन दण्डनीय अपराध है, जिसके लिए जुर्माने के साथ 3 माह तक की सजा या दोनों हो सकते हैं। मतदान के दिन गैर-प्रचार अभियान जोन अर्थात् मतदान केन्द्रों से 100 मीटर के क्षेत्र में कोई साक्षात्कार आदि नहीं लिया जा सकता।

## कलेक्टर, सीईओ ग्राम सेऊ में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल

**विदिशा ।** कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट ने आज संयुक्त रूप से शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत नटेरन के ग्राम सेऊ में मतदाता जागरूकता अभियान तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर जिले के सभी मतदाताओं को आगामी 7 मई 2024 को अपने नियत मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान करने हेतु अभिप्रेरित किया। कलेक्टर ने पिछले विधानसभा निर्वाचन में ग्राम सेऊ में हुए 70 प्रतिशत मतदान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह गांव इतना जागरुक है इसके बावजूद भी 30 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया। उन्होंने ग्राम के समस्त मतदाताओं से आव्हान किया कि इस बार लोकसभा निर्वाचन में सभी मतदाता मतदान तिथि 7 मई को मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने मतदान के महत्व पर गहन प्रकाश डालते हुए बताया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक मतदाता का मत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# जिपं सीईओ रावत ने किया मतदान दलों के प्रशिक्षण एवं मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव 2024 के संदर्भ में 137 विधान सभा होशंगाबाद में मतदान दलों का प्रथम दिवस का प्रशिक्षण शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नर्मदापुरम में संपन्न हुआ । आज 91 मतदान दलों के 364 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के द्वारा निर्वाचन कार्य संबंधी जानकारियों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण प्रभारी हेमंत सूत्रकार सीईओ जनपद पंचायत नर्मदापुरम ने बताया कि इस प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों को सीधे चुनाव संपन्न कराने के लिये जाना होगा। आपने बताया कि विधान सभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत अच्छा रहे इसके लिये सतत रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदान दल एवं मतदाताओं को मतदान के दिन असुविधा न हो, इसके लिये भी मूलभूत सुविधाओं व व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु निरंतर मानीटरिंग जारी है। इसी क्रम में आज सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत एवं डिप्टी कलेक्टर प्रियंका भल्लावी ने ग्राम निटाया के मतदान केन्द्र 140 व चंद्रपुरा के मतदान केन्द्र 22 का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं व मतदाता पर्ची वितरण कार्य का जायजा लिया ।

# अवैध मदिरा व स्कूटी जप्त, आरोपी को किया गिरफ्तार



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर के लोकसभा निर्वाचन के परिपेक्ष्य में दिये निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा परिवहन , निर्माण, संग्रह एवं विक्रय के खिलाफ जिले भर में चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना के आधार पर आबकारी टीम नर्मदापुरम ए द्वारा माखन नगर रोड पर हाईवे के पास नाके बंदी की गई थी। जिसमें एक आरोपी अभिषेक मांझी पिता तरुण मांझी निवासी भीलपुरा अपनी स्कूटी के साथ 30 पाव ऑफिसर चॉइस अंग्रेजी शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया । आरोपी से मदिरा एवं मदिरा परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के अंतर्गत प्रकरण कायम कर जमानत मुचलके पर छोड़ा गया। आरोपी के पास जप्त स्कूटी एवं मदिरा की कुल कीमत लगभग 90,000 रुपए आंकी गई है।आबकारी टीमें पूरे जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ लगातार कारवाइयां कर रही हैं। आज की इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक नर्मदा पुरम ए वासुदेवाचार्य त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक रामदत्त शर्मा , रघुवीर प्रसाद निमोद , आबकारी आरक्षक नर्मदा प्रसाद मेहरा , विकास लोखंडे , गणपत बोबडे के साथ महिला आरक्षक भावना यादव का विशेष योगदान था। जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर द्वारा बताया गया कि पूरे जिले में मुखबिरों से सूचनाएं प्राप्त कर अवैध मदिरा के खिलाफ कार्यवाहियां की जा रही हैं एवं आगे भी की जाएंगी।

**मेट्रो एंकर**

### मतदान दल को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा

# मतदान दलों का प्रशिक्षण सम्पन्न, ईडीसी का वितरण जारी, तहसीलदार ने किया प्रशिक्षण का निरीक्षण





**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

सिवनी मालवा भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 में दूसरे चरण में आगामी 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा का निर्वाचन संपन्न होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 के मतदान दलों को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा में प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया अब पूरे मतदान दल को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का समय प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक रखा गया है इस बीच सभी प्रपत्र जैसे मत पत्र लेखा , पीठासीन की डायरी समीक्षा प्रपत्र 16 बिंदु का प्रपत्र आदि भरना मतदान पूर्व की तैयारी मतदान के पश्चात सामग्री जमा करने हेतु विभिन्न प्रपत्र तथा लिफाफों को तैयार करना बताया जा रहा हैं।दोपहर 2 बजे से 5 तक मतदान प्रक्रिया का सामान्य प्रशिक्षण विशेष स्थितियां एवं ईवीएम मशीन का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स डॉ सुनील सोनी, सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश व्यास, मनित कुमार दुबे, उमेश धुर्वे, डॉ प्रशांत चौरसिया, मुकेश शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, मोहन हिंडोलिया के द्वारा दिया जा रहा है।

इस दौरान मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण तहसीलदार राकेश खजूरिया द्वारा किया गया तहसीलदार खजुरिया द्वारा मतदान दलों को ईवीएम मशीन की ट्रेनिंग दी गई तथा बताया गया कि मतदान सामग्री प्राप्त होने पर कंट्रोल यूनिट को चालू करके देखें आपस में कनेक्ट ना करें पीठासीन अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मत प्रतिशत एप्प डाउनलोड करना है तथा मतदान सामग्री प्राप्त होने से लेकर मतदान सामग्री जमा होने तक की जानकारी फीड करना है मतदान दलों को प्रशिक्षण स्थल से ही इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट नोडल अधिकारी अनिल पटेल के मार्गदर्शन में दिए जा रहे हैं।



# उपार्जन कार्यों का लिया जायजा, नागरिक आपूर्ति के डीएमओ को शोकॉज नोटिस जारी के निर्देश



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर ने शुक्रवार को गेंहू उपार्जन कार्यों की अद्यतन स्थिति का जायजा लेने के उद्धेश्य से तीन उपार्जन केन्द्रो का औचक निरीक्षण किया। इन केन्द्रो पर गेंहू का परिवहन नहीं कराने के फलस्वरूप नागरिक आपूर्ति के डीएमओ को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री वैद्य ने आज सूखा सेमरा के गिरधर वेयर हाउस, ग्राम हिनोतिया के भूमिजा वेयर हाउस तथा मां अम्बे वेयर हाउसिंग कंपनी कागपुर में जारी उपार्जन कार्यो का जायजा लिया है। यहां कलेक्टर के द्वारा सर्वेयरो के द्वारा संपादित किए जाने वाले कार्यो तथा समय पर गेंहू का परिवहन सुरक्षित स्थलों का भण्डारण नहीं करने के फलस्वरूप तथा आईडी मेपिंग के कार्यो में उदासीनता परलिक्षित होने के अलावा उपार्जन केन्द्रो पर नागरिक आपूर्ति निगम के प्रतिनिधियों की लगातार कई दिनों से अनुपस्थिति पाए जाने के फलस्वरूप इन सबके खिलाफ कार्यवाही के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश उपार्जन के लिए नियुक्त नोडल व जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रश्मि साहू को दिए गए है। कलेक्टर श्री वैद्य ने उपार्जन केन्द्रो पर शासन के मापदण्ड अनुसार व्यवस्थाएं संचालित कराने की हिदायत देते हुए मौके पर मौजद कृषकों से संवाद कर उपार्जन कार्यो को जाना है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, विदिशा एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा, कॉ-आपरेटिव बैंक के सीईओ श्री विनय प्रकाश सिंह, सहकारिता विभाग के अधिकारियों सहित अन्य विभागो के अधिकारी साथ मौजूद रहें।



# आबकारी विभाग भी हुआ एक्टिव, 29 हजार से अधिक की शराब की बरामद



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव में अवैध मदिरा ,परिवहन,निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम के लिए कलेक्टर एवं ,जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य के नेतृत्व मे आबकारी उप निरीक्षक संजय एवं ने मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम कुंदनपुर मे गोपाल नगर रोड पर आरोपी मोहनबाबू कुशवाहा के कब्जे से दो बोरिओ मे भरी 6 पेटी देशी मसाला मदिरा के कुल 295 पाव जब्त किये जिनकी मात्रा 53-1 बल्क लीटर है वहीं शराब का बाजार मूल्य कीमत 29500 है आरोपी पर अवैध रूप से शराब का परिवहन करने पर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करके आरोपी को न्यायलय पेश किया गया जहां से उसको जेल भेज दिया गया। चुनाव में वैसे ही शराब का ज्यादा ही उपयोग होता है इस वजह से अवैध रूप से शराब का कारोबार करने वालों के द्वारा उसको रखने का काम किया जा रहा है। वही अबैध शराब का चुनाव में विक्रय, परिवहन, निर्माण रोकने के लिए आबकारी विभाग भी मुस्तेज हो गया है। इस कार्यवाही वृत्त प्रभारी संजय इवने, आबकारी आरक्षक मनोज नामदेव, नीरज रघुवंशी की रही।

## विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए कुल 20 अभ्यर्थियों ने जमा किए 24 नाम निर्देशन पत्र

**सिरोंज।** संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के निर्वाचन हेतु कुल 18 अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं। इनमें इंडियन नेशनल कॉग्रेस के अभ्यर्थी श्री प्रतापभानु शर्मा, निर्दलीय अभ्यर्थी मो. तलत खान तलत, राईट टू रिकॉल पार्टी के अभ्यर्थी श्री धमेन्द्र सिंह पंवार, सपाक्स पार्टी की अभ्यर्थी सीमा शर्मा, इंडियन नेशनल कॉग्रेस पार्टी के श्री आनंद प्रताप सिंह, जय प्रकाश जनता दल के श्री कमलेश कुमार गौर, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के श्री सत्येन्द्र सिंह सिसोदिया, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री अब्दुल जब्बार, इंडियन नेशनल कॉग्रेस पार्टी की सुभाषनी बाल्मिकी, बहुजन समाज पार्टी के श्री किशनलाल लड़िया, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के श्री धर्मवीर भारती, महानवादी पार्टी के श्री भीकम सिंह कुशवाह, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री अब्दुल रशीद, बहुजन मुक्ति पार्टी के श्री धूलसिंह धम्म, पब्लिक पोलिटिकल पार्टी के भाई मुंशीलाल सिलावट, भारतीय जनता पार्टी के श्री शिवराज सिंह चौहान, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री खेम राज, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री संजय सक्सेना, सपाक्स पार्टी के श्री प्रशांत साहू तथा भारतीय जनता समाजसेवी पार्टी के श्री दीपक कुमार तिवारी द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चार नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं। इसी प्रकार अभ्यर्थी सुभाषनी बाल्मिकी द्वारा दो नाम निर्देशन पत्र जमा किए गए हैं।

# बाजार में लोडिंग वाहनों के प्रवेश को रोकने लगाए गए बैरिकेड्स

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

शहर का मुख्य बाजार वैसे ही सकरा होने के कारण हमेशा परेशानी होती है। दूसरी ओर बाजार में दिन भर जाम के कारण सभी को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसी बीच लोडिंग वाहनों का प्रवेश भी शहर में दिन भर जारी रहता है। इनके द्वारा लोडिंग वाहनों के सड़क पर ही खड़े करके सामान उतारने का काम किया जाता है। इस वजह से जाम लगा रहता है दूसरी ओर वाहन पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण अधिकांश ग्राहकों और दुकानदारों के द्वार भी अपने वाहनों को रख दिया जाता है इस वजह से और भी ज्यादा हालत खराब हो जाते हैं। जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए एसडीएम के निर्देश पर नगर पालिका परिषद के द्वारा मुख्य बाजार में भारी वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए तीन जगह पर बैरिकेड्स लगाकर इनको रोकने का काम की जा रहा है। जिसमें कोर्ट गेट, ढाल बाजार



तथा बड़ा चौराहे पर नगर पालिका ने इस काम को करवा दिया है। नगर पालिका अतिक्रमण दल के प्रभारी संजय यादव ने बताया कि तीन स्थानों पर सड़क में बेरीकेट्स स्थापित किए हैं जहां से अब बड़े वाहन और लोडिंग वाहन नहीं निकाल पाएंगे दो पहिया और छोटे वाहन आसानी से बाजार में चले जाएंगे।

## बुराई रूपी रावण के पुतले का राम ने किया वध

# श्रीराम का राज्याभिषेक, आसमान में नजर आई सतरंगी आतिशबाजी





सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्री महामाई माता (डॉगवाली) के जागृत दरबार में चल रहे 15 दिवसीय विशाल मेले में गुरूवार की देर रात में श्रीराम राज्याभिषेक एवं रावण दहन के साथ ही मेले का समापन भी हो गया। मेले में तीस फिट ऊंचे बने रावण के पुतले का मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने अपने धर्म से तीर चला कर पुतले को आग लगे तो आसमान में सुंदर सतरंगी आतिशबाजी नजारा देखने को मिला रावण दहन के बाद महामाई परिसर में मौजूद जन समूह के मुख से श्री राम के जयकारे गूंज उठे चारों तरफ राम जी के ही जयकारे लगा रहे थे । जिसके बाद क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी का राजा अभिषेक पूजा अर्चना के बाद आरती की। इधर भंडारे में माता रानी की प्रसादी लेने के लिए लंबी-लंबी करें लगी हुई थी। अंतिम दिन रात्रि में मेले में भी भारी चलह पहल रही काफी दिनों के बाद मेले में आए दुकानदारों को अच्छी ग्रहकी हुई पिछले कुछ दिनों से बारिश और मौसम खराब होने के साथ मेले में जिस तरह की बिक्री होनी चाहिए उस तरह की बिक्री इस बार देखने को नहीं मिली अंतिम दिन जरूर अच्छा व्यापार दुकानदारों का हुआ।

### रावण दहन के बाद हुई आकर्षक आतिशबाजी



रामलीला लीला के समापन के बाद देर रात हुए रावण वध की लीला में देर रात्रि रावण दहन हुआ एवं राघोगढ़ की प्रसिद्ध आतिशबाजी से करीब एक धंटे तक रंग बिरंगी आकर्षक आतिशबाजी के नजारे भी आसमान में दिखाई दिए । रात करीब दो बजे रामलीला पंडाल के सामने केथन बांध किनारे रावण दहन के लिए बनाए गए रावण के पुतले का जब राम जी वध कर रहे थे उस समय भी सम्पूर्ण महामाई का प्रांगण महिला पुरुषों से खचाखच भरा हुआ था पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा की गई थी।

### विधायक ने लाइन में लगकर ली प्रसादी

हवन की पूर्णाहुति के उपरांत माता रानी के दरबार में भंडारा प्रारंभ हुआ जहां पर इस बार विट्ठल कर प्रसादी ग्रहण न करते हुए सीधी प्रसादी वितरित की गई आम श्रद्धालुओं के साथ क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने भी लाइन में लगकर प्रसादी ली इस बार विवाह लग्न की अधिकता से कार्यकर्ताओं और भोजन निर्माण एवं परोस में प्रयुक्त होने वाले बर्तनों की उपलब्धता कम होने से समिति में डिस्पोजल पत्तल में भंडारा वितरण की व्यवस्था की थी।

### पुष्पवर्षा के साथ हुआ श्री रामराज्याभिषेक

रात करीब तीन बजे बजे रावण दहन के उपरांत बग्घी में बैठकर रामलीला मंच पर बने आयोध्या के राज दरबार मे सन्यासी भेष में पहुँचे श्री राम ने माँ सीता और तीनों भाइयों सहित राजसी भेषभूषा में सिंहासन पर विराजे इसके उपरांत गुरु वशिष्ठ ओर व्यास जी द्वारा उच्चारित वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधायक उमाकान्त शर्मा ने श्री राम जानकी भरत लक्ष्मण हनुमान जी का शाल श्रीफल एवं मोगरे की माला ओर भेंट अर्पित कर राज तिलक किया। इस दौरान खचाखच भरे पंडाल में लीला को देख रही जनता जनार्दन श्री राम के जयकारे के उद्घोष करते दिखाई दिए।

### नतमस्तक होकर जताया आभार

आयोजन के पूर्ण समापन पर विधायक उमाकान्त शर्मा ने जनता जनार्दन को महामाई के इस भव्य और दिव्य आयोजन की सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि यह जनता का प्यार स्नेह और विश्वास ही है कि वह हमारी समिति के बुलाबे पर बड़ी दूर दूर से अपने साधनों से चली आती है। इस अवसर पर उन्होंने रीवा से पधारे माँ महामाई के भक्त वर्षों तक संस्कृति विभाग में रहकर साहित्य की सेवा करने वाले 90 वार्षिय अवदेश पांडे का समिति के सदस्यों के साथ सम्मानित भी किया। इस मौके पर उन्होंने पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा को भी याद करते हुए मैया के इस आयोजन को प्रारम्भ करने से लेकर उसे देश दुनिया मे प्रसिद्ध करने में उनके योगदान के संस्मरणों पर पुरानी बातचीत की। उनहोने विश्वास पूर्वक कहा कि महामाई मैया के सच्चे चरण सेवक लक्ष्मीकांत शर्मा भले ही आज शरीर से हमारे बीच नही है लेकिन वह किसी न किसी रूप में अवश्य यहाँ आए हैं इस आयोजन की व्यवस्थाओं में लगे प्रत्येक कार्यकर्ताओं,सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तेदी के साथ लगे पुलिस प्रशासन,स्वच्छता के साथ अनेक कार्यों को देख रही नगरपालिका परिषद ओर प्रशासन सहित महामाई के कारज में लगें सभी सेवभावियो का आभार व्यक्त किया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मतदाताओं को जागरूक करने निकाली विकसित भारत यात्रा

**सिरोंज।** लोकसभा चुनाव के चलते नागरिकों जागरूक करने एवं सत प्रतिशत मतदान करने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विदिशा द्वारा 17 अप्रैल से 05 मई तक चलने वाली 'विकसित भारत यात्रा' निकल जा रही है जो शुक्रवार को पठारी पहुँची। जहां जिला संयोजक शुभम ठाकुर ने बताया कि परिषद् की यह यात्रा जिले के हर सहिर और कस्बे में जाकर युवाओं के मतदान को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक करने का कार्य कर रही है । नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान करने का आव्हान किया इस मौके पर तनिश पंथी, दिव्यांश सोलंकी ,सौरभ तिवारी, शरद यादव, राघवेंद्र, हर्ष, अंशुल, समन, नवनीत, महेश, राधे आदि मौजूद रहे।

# एमसीएमसी प्रकोष्ठ से पेड न्यूज की मॉनिटरिंग



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

लोकसभा चुनाव 2024 में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विदिशा कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 225 में स्थापित किए गए एमसीएमसी प्रकोष्ठ से पेड न्यूज की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। एमसीएमसी कक्ष 24 घंटे क्रियाशील है। पेड न्यूज की निगरानी के लिए कक्ष में तैनात दल के सदस्यों की शिफ्ट वार ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बुद्धेश कुमार वैद्य के मार्गदर्शन में पेड न्यूज के साथ-साथ फेक न्यूज की भी सतत् मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं एमसीएमसी प्रकोष्ठ के जिला नोडल अधिकारी श्री बी.डी. अहरवाल के द्वारा प्रतिदिन एमसीएमसी कक्ष में पहुंचकर पेड न्यूज की जानकारी दल के सदस्यों से संवाद कर प्राप्त की जा रही है। साथ ही पेड न्यूज की निगरानी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।

एमसीएमसी कक्ष में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ एफएम, रेडियो तथा सोशल मीडिया पर किये जा रहा है प्रचार-प्रसार के व्यय खर्च की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रतिदिन पेड न्यूज की निगरानी करते हुए रिकॉर्ड संधारण पंजी में जानकारी एकत्रित करना एवं कक्ष में लगाई गई एलईडी पर लोकल केवल चौनलों पर प्रसारित की जाने वाली पेड न्यूज की निगरानी समेत अन्य प्लेटफार्म पर अभ्यर्थियों द्वारा पेड न्यूज के माध्यम से किये जा रहे व्यय खर्च की को रिकॉर्ड संधारण पंजी में दर्ज किया जा रहा है।

**मेट्रो एंकर**

## सरकार की योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

# भूख मिटाने मासूम बच्चे गंदगी से प्लास्टिक ढूंढने मजबूर

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।





पठारी वैसे तो सरकार गरीबों के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर रही है परन्तु यह योजना गरीबों से कोसों दूर दिखाई दे रही है जिससे खेलने कूदने एवं पढ़ाई की उम्र में मासूम बच्चे नगर की गंदगी एवं कचरे के ढेर से प्लास्टिक एवं लोहे के टुकड़े चद्दर इकट्ठा करके पेट की भूख मिटाने जद्दोजहद करते दिखाई देते हैं जिससे इन बच्चों की जिंदगी से खेलने कूदने एवं शिक्षा काफी दूर हो चुकी है। इन दोनों नगर में अपने पेट की भूख मिटाने के लिए छोटे-छोटे बच्चे गंदगी और कचरे के ढेर हैं प्लास्टिक इकट्ठा करने के लिए छोटी बच्चियों से लेकर उनकी माताएं भी प्लास्टिक के बोरी में गंदगी एवं कचरे के ढेर से सामग्री इकट्ठा करते नजर आ रहे हैं पेट की भूख मिटाने के लिए गांव की गली मोहल्लों में पहुंचकर गंदगी के ढेरो से प्लास्टिक इकट्ठा कर अपने जीवन की गाड़ी चलाने की कवायद में परिवार सहित जुटे रहते हैं तथा अपने व अपने परिवार का पालन पोषण करने की कवायद में जुटे रहते हैं शासन की योजना तो चल रही है परन्तु कई गरीबों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता जिस कारण गरीब नागरिकों को परिवार की गाड़ी चलाने के लिए अपना घर छोड़कर दूरदराज क्षेत्रों में जाकर प्लास्टिक इकट्ठा करके परिवार के पालन पोषण की व्यवस्था जुटानी पड़ती है पेट भरने की कवायद के चलते हम एवं हमारे परिवार के बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं।साथ ही प्लास्टिक इकट्ठा करने वाली महिला ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह कार्य हमारे परिवार में सभी लोग करते हैं हमें भी यही करना पड़ रहा है हम लोग चार पांच दिन मेहनत करते हैं तब जाकर हमारे हाथ में दो हजार रुपए आ पाते हैं हम सरकार की योजना का लाभ उठाने दर दर भटकने के बाद जब हमें लाभ नहीं मिल पाता तब हमारे सामने अपने परिवार का भरण-पोषण करने अपने घरों से दूर रहने के कारण हम एवं हमारे परिवार के बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते ।

हमें मजबूर होकर अपने अपने बच्चों से गंदगी से प्लास्टिक इकट्ठा करके उसे बेचकर पैसे इकट्ठा करते हुए अपने जीवन की गाड़ी चलाने मजबूर होना पड़ता है तथा अपने घरों से दूर रहकर खुले आसमान तले रहकर गंदगी और कचरे के डेर से प्लास्टिक इकट्ठा करते हुए अपने जीवन को चलाने मजबूर होना पड़ता है इसके साथ ही हम लोगों को कच्ची टपरियों में रहकर जीवन गुजारने मजबूर होना पड़ता है हमने अनेक बार अपने घरों को बनवाने फार्म जमा भी किये गये परन्तु हम लोगों को सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल सका । उसने बताया कि जब सरकार की योजना हमें नहीं मिल पाती तब हमें अपने जीवन की गाड़ी चलाने मजबूर होना पड़ता था तथा हमारे साथ हमारे मासूम बच्चे भी पेट भरने की कवायद में बराबर भागीदारी निभाते हुए मेहनत करते हैं। जबकि सरकार की सैकड़ों योजना गरीबों के लिए क्रियान्वित हो रही है परन्तु हम गरीब लोगों से यह योजना कोसों दूर हो चुकी है जिससे हम दूरदराज क्षेत्रों में घूम घूम कर प्लास्टिक इकट्ठा करके अपने जीवन की गाड़ी चला रहे हैं ।

### दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा मुकाबला

# आईपीएल: 4 टीमों के 8-8 पॉइंट्स, आज टॉप-4 में पहुंच सकती है दिल्ली

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में लीग स्टेज के 34 मैच खत्म हो चुके हैं। शुक्रवार को लखनऊ सुपरजायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हराया। इसके बावजूद दोनों टीमें पॉइंट्स टेबल में अपनी पिछली पोजिशन पर बनी हुई हैं, हालांकि एलएसजी को 2 पॉइंट्स का फायदा जरूर हुआ। इससे अब 4 टीमों के 8-8 पॉइंट्स हो गए। आज लीग स्टेज का 35वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। एसआरएच जीतकर नंबर-2 पर पहुंच सकती है, वहीं दिल्ली के पास भी टॉप-4 में एंट्री करने का मौका है।



### पॉइंट्स टेबल में तीसरे पर कायम सीएसके

सुपर किंग्स को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ हार मिली। सीएसके ने पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए। एलएसजी ने 19 ओवर में 2 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। सीएसके को करीबी हार से पॉइंट्स टेबल में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। टीम अब भी 8 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। टीम को 7 में से 4 मैच में जीत और 3 में हार मिल चुकी है। टीम की बाकी 2 हार हैदराबाद और दिल्ली के खिलाफ रही।

### टॉप-5 स्कोरर में राहुल ने बनाई जगह

टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर अब भी आरसीबी के विराट कोहली ही हैं। हालांकि, एलएसजी के केएल राहुल 82 रन बनाकर चौथे नंबर पर पहुंच गए। कोहली के 361 और राहुल के 286 रन हैं। आज एसआरएच के हेनरिक क्लासन 109 रन बनाकर टॉप पर आ सकते हैं।

### बुमराह अब भी टॉप विकेट टेकर

एमआई के जसप्रीत बुमराह टॉप विकेट टेकर में पहले नंबर पर हैं, उनके नाम 7 मैचों में 13 विकेट हैं। शुक्रवार को सीएसके के मुस्तफिजुर रहमान एक विकेट लेकर चौथे नंबर पर पहुंच गए। उनके नाम 6 मैचों में 11 विकेट हैं। आज डीसी के खलील अहमद 4 विकेट लेकर टॉप पर पहुंच सकते हैं।

### नंबर-1 सिक्स हिटर बन सकते हैं अभिषेक शर्मा

स्क्र॥ के हेनरिक क्लासन टूर्नामेंट के टॉप सिक्स हिटर हैं, उनके नाम 6 मैचों में 24 सिक्स हैं। आज उनके पास टॉप पर अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका है। हालांकि, उन्हीं की टीम के अभिषेक शर्मा 7 सिक्स लगाकर टॉप पर पहुंच सकते हैं।

### बाउंड्री के बादशाह अब भी कोहली ही हैं

17वें सीजन में सबसे ज्यादा चौके अब भी आरसीबी के विराट कोहली ने ही लगाए हैं। उनके नाम 7 मैचों में 35 चौके हैं। एलएसजी के केएल राहुल 7वें और सीएसके के ऋतुराज गायकवाड छठे नंबर पर पहुंचे। गायकवाड के 26 और राहुल के 25 चौके हैं। आज एसआरएच के ट्रैविस हेड 8 चौके लगाकर पहले नंबर पर पहुंच सकते हैं।

### एलएसजी के अब 8 पॉइंट्स हो गए

एलएसजी के अब 7 मैचों में 4 जीत और 3 हार से 8 पॉइंट्स हो गए। कोलकाता, चेन्नई और हैदराबाद के भी इतने ही पॉइंट्स हैं, लेकिन कमजोर रन रेट के कारण लखनऊ इन तीनों टीमों से नीचे पांचवें नंबर पर है। आज डीसी के पास टॉप-4 में आने का मौका आईपीएल के 17वें सीजन में आज दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला दिल्ली में शाम 7.30 बजे से शुरू होगा। दिल्ली के फिलहाल 7 मैचों में 3 जीत और 4 हार से 6 पॉइंट्स हैं और टीम छठे नंबर पर है। आज का मैच जीतने पर टीम 8 पॉइंट्स के साथ 5वें नंबर पर पहुंच जाएगी। अगर जीत 60 या उससे ज्यादा रन के अंतर से रही तो टीम चौथे नंबर पर भी पहुंच सकती है। हारने पर टीम मुंबई से नीचे 7वें नंबर पर पहुंच जाएगी।

### दूसरे नंबर पर पहुंच सकती है एसआरएच

सनराइजर्स हैदराबाद के 6 मैचों में 4 जीत और महज 2 हार से 8 पॉइंट्स हैं। दिल्ली को हराकर टीम 10 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। हारने पर टीम चौथे नंबर पर ही रहेगी। हालांकि, अगर टीम 40 या उससे ज्यादा रन से हारी तो टॉप-4 से बाहर होकर 5वें नंबर पर भी खिसक सकती है।

### एशियन ओलंपिक क्वालीफायर कजाकिस्तान के बिश्केक में शुरू, 21 अप्रैल तक चलेंगे

# 18 भार वर्ग में कुल 36 कोटे होंगे दांव पर



**बिश्केक कजाकिस्तान, एजेंसी**

इस साल जुलाई से होने वाले पेरिस ओलंपिक गेम्स 2024 के लिए एशियन ओलंपिक क्वालीफायर शुक्रवार से कजाकिस्तान के बिश्केक में शुरू होने जा रहे है, जो 21 अप्रेल तक चलेंगे। पेरिस ओलंपिक खेलों का टिकट हासिल करने के लिए इस टूर्नामेंट में 17 भारतीय पहलवान भी चुनौती पेश करने के लिए उतरेंगे। भारतीय पहलवानों के लिए यह टूर्नामेंट इसलिए अहम है क्योंकि यह अंतिम महाद्वीपीय क्वालीफायर है। ऐसे में उनके लिए जरूरी है कि वह इस मौके को हाथ से नहीं जाने दें। सभी की निगाहें खासतौर पर महिला पहलवान विनेश फोगाट पर होगी।

पुरुष ग्रीको रोमन 6: अमन (57 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), दीपक पुनिया (86 किग्रा), दीपक (97 किग्रा), सुमित (125 किग्रा)। सुमित (60 किग्रा), अंशु (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा)।

**इस तरह मिलेगी ओलंपिक में जगहः** इस टूर्नामेंट में ब्रैकेट प्रणाली का पालन किया जाएगा और प्रत्येक भार वर्ग से दो सेमीफाइनलिस्ट अपने-अपने देश के लिए कोटा प्राप्त करेंगे। टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक और रेपेचेज का कोई मुकाबला नहीं होगा।

**18 भार वर्ग में कुल 36 कोटे होंगे दांव परः** एशियन क्वालीफायर में पेरिस ओलंपिक के लिए 18 भार वर्ग में कुल 36 कोटे दांव पर होंगे। इसमें पहलवान ग्रीको रोमन और फ्रीस्टाइल कुश्ती में दावेदारी पेश करने के लिए उतरेंगे। इस टूर्नामेंट में महिला और पुरुष वर्ग में पहलवान शिरकत करेंगे। वहीं, भारतीय पहलवान सभी भार वर्गों में चुनौती पेश करेंगे। ओलंपिक टिकट के लिए भारतीय पहलवान ठोकेंगे ताल। इस टूर्नामेंट में यदि भारतीय पहलवान ओलंपिक कोटा हासिल करने में विफल रहे तो उनके पास आखिरी मौका विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट होगा, जिसका आयोजन मई में तुर्की में होगा। लेकिन वहां चुनौती काफी कड़ी होगी।

# बड़ी उपलब्धि: कायली 400 मीटर मेडले में बनीं चौथी सबसे तेज तैराक

**गोल्ड कोस्ट, एजेंसी**

कायली मैककेन गुरुवार को भले ही 400 मीटर मेडले इतिहास की चौथी सबसे तेज महिला तैराक बन गई हो, लेकिन उनका इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक गेम्स में प्रतिस्पर्धा करने का कोई इरादा नहीं है। बैकस्ट्रोक की तीनों प्रतिस्पर्धाओं में रेकॉर्ड स्थापित करने वाली 22 वर्षीय महिला तैराक कायली ने गोल्ड कोस्ट में आयोजित ऑस्ट्रेलियन चैंपियशिप में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दबदबा बनाते हुए 4 मिनट 28.22 सेंकेंड के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने 2008 बीजिंग ओलंपिक में स्टेफनी राइस की ओर से बनाए गए



ऑस्ट्रेलियाई रेकॉर्ड को तोड़ा। उन्होंने इस साल किसी अन्य की तुलना में करीब छह सेकेंड तेज समय निकाला।

# भारत को लंबी कूद में बड़ा झटका, घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर, सर्जरी होगी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमशः 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डायमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी, लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया।

### पिता भी रहे हैं एथलीट



श्रीशंकर के पिता एस. मुरली ही उनके कोच हैं। श्रीशंकर का कहना है कि उनके शरीर को उनके पिता उनसे बेहतर समझते हैं। श्रीशंकर के पिता पूर्व ट्रिपल जंप एथलीट थे और दक्षिण एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता रहे हैं। 1992 एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उनकी मां के.एस. बिजिमोल 800 मीटर रेस में रजत पदक जीती थीं। श्रीशंकर के पिता मुरली एक समय पर शराब के शौकीन थे, लेकिन बेटे के खेल पर ध्यान देने के लिए उन्होंने इससे दूरी बना ली। टोक्यो ओलंपिक में श्रीशंकर के फेल होने के बाद मुरली ने ही अपने बेटे को संभाला था। उस समय श्रीशंकर काफी दबाव में थे और डिप्रेशन में भी चले गए थे। वह खेल छोड़कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहते थे। ऐसे में उनके पिता ने उन्हें संभाला और श्रीशंकर भारत के शीर्ष लॉन्ग जंपर बन गए। उन्होंने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को रजत पदक दिलाया था।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# ‘बजरंगी भाईजान 2’ फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार

सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म ‘बजरंगी भाईजान’ ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था, जिसके बाद से लगातार इसके सीक्वल पर चर्चा होती रहती है। एक बार फिर इस फिल्म का बहुप्रतीक्षित सीक्वल सुर्खियों में है। फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है, जिसे सुन सलमान खान के प्रशंसक काफी उत्साहित हो जाएंगे। फिल्म को लेकर नई जानकारी यह है कि निर्माताओं ने इसकी स्क्रिप्ट तैयार कर ली है, लेकिन फिल्म बनने में अभी भी रुकावट है। खबर सामने आई है कि फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार है, लेकिन सलमान खान की मंजूरी का इंतजार है। दरअसल, हाल ही में आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म ‘रुसलान’ के प्रचार कार्यक्रम में निर्माता केके राधामोहन ने एक रोमांचक खुलासा किया। उन्होंने बताया कि ‘बजरंगी भाईजान 2’ की स्क्रिप्ट तैयार है। बजरंगी भाईजान की कहानी के लेखक और एसएस राजामौली के पिता वी. विजयेंद्र प्रसाद की ओर मुड़ते हुए राधामोहन ने कहा कि स्क्रिप्ट जल्द ही सलमान खान को सुनाई जाएगी। एक बार सलमान स्क्रिप्ट सुन लें और अपनी



सहमति दे दें तो फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि वे बजरंगी भाईजान 2 का निर्माण नहीं कर रहे हैं। इस खबर से फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ गई है। सलमान खान ने 2021 में अपनी और करीना कपूर खान अभिनीत बजरंगी भाईजान के सीक्वल की घोषणा की। इसके बाद उन्होंने यह भी खुलासा किया कि केवी विजयेंद्र प्रसाद फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। कथित तौर पर फिल्म का नाम ‘पवन पुत्र भाईजान’ रखा गया है। चर्चा है कि पूजा हेगड़े को फिल्म के लिए मुख्य महिला के रूप में चुना गया है। हालांकि, खबर यह भी है कि फिल्म में करीना कपूर की जगह पूजा को लिया गया है। वहीं, अब देखना होगा कि पूजा फिल्म में करीना की जगह लेंगी या किसी और अहम किरदार में नजर आएंगी।

## अक्षय की ‘बड़े मियां छोटे मियां’ चल रही कछुए की चाल

फिल्म ‘बड़े मियां छोटे मियां’ ने बड़ी मुश्किल से बॉक्स ऑफिस पर गुरुवार को 50 करोड़ रुपए का कलेक्शन पूरा किया था। फिल्म का हाल रिलीज के 9वें दिन भी बीते दिनों की तरह ही दिखाई दिया। चलिए यहां जानते हैं ‘बड़े मियां छोटे मियां’ ने रिलीज के 9वें दिन कितनी कमाई की है? ‘बड़े मियां छोटे मियां’ दर्शकों को इम्प्रेस नहीं कर पाई है. रिलीज के पहले हफ्ते में ही इस फिल्म की कमाई का ग्राफ लुढ़क गया और फिर ये ऊपर नहीं उठ सका। अब फिल्म के 9वें दिन की कमाई के आंकड़ें भी सामने आ गए हैं। ‘बड़े मियां छोटे मियां’ ने 1.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इसके साथ अब इसका टोटल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 51.40 करोड़ रुपए पहुंच गया है। फिल्म ‘बड़े मियां छोटे मियां’ बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हो चुकी है। 300 करोड़ से ज्यादा के भारी-भरकम बजट में बनी ये फिल्म 9 दिन में लगभग 51 करोड़ रुपए का ही कलेक्शन कर पाई है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन, मानुषी छिल्लर, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और रोनित रॉय बोस ने अहम रोल प्ले किया है।



## ममता कुलकर्णी के टॉपलेस फोटोशूट ने उड़ाई थी लोगों की नींद, ब्लैक में बिकती थीं मैगजीन

ममता कुलकर्णी ने 90 के दशक में बतौर एक्ट्रेस इंडस्ट्री पर राज किया है। एक्ट्रेस की प्रोफेशन और पर्सनल लाइफ काफी विवादों में घिरी रही है। इन्हीं विवादों में से एक विवाद ममता कुलकर्णी के फोटोशूट से जुड़ा है जब एक्ट्रेस ने सितंबर 1993 में ‘स्टारडस्ट’ मैगजीन के लिए टॉपलेस फोटोशूट करवाया था। इस समय कोई भी एक्ट्रेस ऑनस्क्रीन बोल्ड सीन करने से भी कतराती थी और ऐसे में ममता के इस फोटोशूट ने तबाही मचा दी थी। आज यानी 20 अप्रैल को ममता कुलकर्णी अपना 52वां जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस के फोटोशूट से जुड़े विवाद के बारे में बताएंगे। बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी ने साल 1993 में ‘स्टारडस्ट’ मैगजीन के लिए टॉपलेस फोटोशूट करवाया था। इस समय बाकी की एक्ट्रेस ऑनस्क्रीन बोल्ड सीन और फोटोज देने से कतराती थीं। ममता कुलकर्णी की बोल्ड फोटोज वाली मैगजीन जैसे ही बाजार में आई तो इस पर विवाद शुरू हो गया था। एक्ट्रेस का ये फोटोशूट कुछ लोगों को काफी पसंद आ रह था, वहीं कुछ लोग इसका जमकर विरोध कर रहे थे। एक्ट्रेस की टॉपलेस फोटोज को देखने के लिए लोगों ने ब्लैक में मैगजीन भी खरीदीं थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ममता कुलकर्णी ने टॉपलेस फोटोशूट को करवाने से पहले कई बार सोचा था। पहली बार जब एक्ट्रेस को इस फोटोशूट का ऑफर आया था तो उन्होंने इसे करने के लिए समय मांगा था। एक्ट्रेस ने साथ में शर्त भी रखी थी कि अगर उन्हें फोटोज पसंद नहीं आएंगी तो मैगजीन में उनकी फोटोज को नहीं छापा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ममता कुलकर्णी की ये शर्त मैगजीन वालों ने स्वीकार कर लिया था। इसके बाद ममता कुलकर्णी का फोटोशूट हुआ और एक्ट्रेस के इन बोल्ड फोटोज को उनकी इजाजत के बाद ही मैगजीन में छापा गया था।





**मेट्रो बाजार**

# औपचारिक क्षेत्रों में 2023-24 में मिले 1.65 करोड़ रोजगार

**मुंबई, एजेंसी**

रोजगार के मोर्चे पर सुनहरी तस्वीर दिख रही है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1.65 करोड़ सदस्य जोड़े हैं। 2022-23 की तुलना में यह 19 फीसदी अधिक है। ईपीएफओ शनिवार को आंकड़ा जारी करेगा। श्रम मंत्रालय के मुताबिक, पिछले साढ़े छह वर्षों में 6.1 करोड़ सदस्य ईपीएफओ से जुड़े हैं। 2018-19 में 61.12 लाख सदस्य शुद्ध रूप से जुड़े थे। 2019-20 में यह बढ़कर 78.58 लाख हो गए। हालांकि, कोरोना के कारण 2020-21 में संख्या मामूली घटकर 77.08 लाख रही। 2021-22 में इसमें 1.22 करोड़ की बढ़त देखी गई। 2022-23 में इसमें 1.38 करोड़ की बढ़त रही। ईपीएफओ में सदस्यों के बढ़ने का मतलब यह होता है कि औपचारिक क्षेत्रों में लोगों को रोजगार मिल रहा है। इससे लोगों को सामाजिक सुरक्षा भी मिलती है।



जीआईसी और एलआईसी में सरकारहिस्सा बेच सकती है। सरकार चालू वित्त वर्ष में जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन यानी जीआईसी और एलआईसी में हिस्सा बेच सकती है। सरकार को निवेशकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। ऐसे में जीआईसी में कई चरणों में 10 फीसदी तक हिस्सा बेच सकती है। दोनों कंपनियों से मिल सकते हैं 149 अरब डॉलर। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि 10 फीसदी हिस्सा बेचने से वर्तमान मूल्य पर सरकार जीआईसी से 57 अरब रुपये जुटा सकती है। एलआईसी में सरकार कई चरणों में छोटे-छोटे हिस्से बेच सकती है। निवेशकों से मिलने वाली प्रतिक्रिया पर इसका फैसला होगा। आईपीओ में सरकार ने 3.5 फीसदी हिस्सा बेचा था।

## वोडाफोन-आइडिया सबसे बड़ा एफपीओ लाने की तैयारी में

**नईदिल्ली,एजेंसी।** वित्तीय संकट से जूझ रही टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन-आइडिया अगले हफ्ते फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) लाने का प्लान कर रही है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी का यह एफपीओ 18 हजार-20 हजार करोड़ रुपए का हो सकता है। एफपीओ के लिए वीआई ने जेफरीज, एफपीओ कैप्स और एक्सिस कैपिटल को लीड मैनेजर के तौर पर रखा है। एफपीओसे जुटाए गए पैसों का इस्तेमाल लिक्विडिटी बढ़ाने में होगा। इसमें देशी-विदेशी एंकर निवेशक भी निवेश करेंगे। यानी कि एफपीओ को शुरुआत में अच्छा सपोर्ट मिल सकता है। अब तक का सबसे बड़ा एफपीओ हो सकता है। यह अब तक का सबसे बड़ा एफपीओ हो सकता है। भारतीय मार्केट में अभी सबसे बड़ा एफपीओयस बैंक का है, जो 15 हजार करोड़ रुपए का था। वहीं अडाणी एंटरप्राइजेज पिछले साल जनवरी में 20 हजार करोड़ रुपए का एफपीओ लाई थी। हालांकि, बाद में कंपनी ने इसे वापस ले लिया। अगर ऐसा न होता तो सबसे बड़े एफपीओ की लिस्ट में इसी का एफपीओ टॉप पर होता। वोडाफोन-आइडिया ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा था कि बोर्ड ने ओरियाना इन्वेस्टमेंट्स पीटीई लिमिटेड को 14.87 रुपए प्रति शेयर के इश्यू प्राइस पर 139.5 करोड़ शेयर जारी करने की मंजूरी दे दी है।



# लड़कियों से जिस्मफरोशी कराने वाली महक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## होटल स्क्वेयर में कॉल गर्ल की हत्या का मामला, जनवरी 2024 में ही महक के पास आई थी मृतका

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहपुरा के बावड़िया कला स्थित होटल स्क्वेयर में कॉल गर्ल की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी महक यादव को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पूर्व पुलिस मुख्या आरोपी ऋहुल पांडे, योगेश कुमार, सागर चौहान व इन्द्र बहादुर सिंह एवं कुनाल उर्फ कुलदीप को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस की टीम अरेरा कॉलोनी स्थित महक यादव के ठिकाने पर बार बार दबिश दे चुकी थी लेकिन काल गर्ल की हत्या की भनक लगते ही वह फरार हो गई थी। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए अलग अलग टीम बनाई थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि महक यादव अरेरा हिल्स में मौजूद है। पुलिस की टीम ने दबिश देकर महक को गिरफ्तार कर लिया है।

महक यादव ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि कॉल गर्ल दिल्ली में रहती थी। उसकी शादी 2016 में ही हो चुकी है। उसका पति दिल्ली में रहता है और वह पति को कांटेक्ट में थी। जनवरी 2024 में ही महक की कॉलगर्ल से मुलाकात हुई थी। यह बात पुलिस के गले नहीं उतर रही है। 13 अप्रेल को महक के कहने पर ही वह होटल पहुंची थी और उसकी हत्या हो गई। पुलिस ने इस हत्याकांड में महक के पति आशुतोष वाजपेयी को आरोपी नहीं बनाया है, लेकिन पुलिस आशुतोष की भी तलाश कर रही है। ताकि उससे पूछताछ की जा सके।

उल्लेखनीय है कि बावड़िया कला स्थित होटल के स्क्वेयर में गत 13 अप्रैल की रात कॉल गर्ल का अर्धनग्न शव बरामद किया गया था। उसके पास मिले आईकार्ड मोबाइल से पुलिस ने उसकी शिनाख्त कर ली थी। पुलिस दिल्ली में रहने वाली कॉल गर्ल की मां को शुक्रवार को भोपाल लेकर पहुंची थी। उन्होंने बेटी की पहचान की और भोपाल में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।



# पत्नी ने शराब पीने से मना किया तो पति ने लगा ली फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित एन टू ए सेक्टर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह पड़ा लिखा नहीं था और उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब के नशे में घर पहुंचा था और अपने साथ शराब भी लेकर पहुंचा था। पत्नी ने उसे शराब पीने से रोका तो कहासुनी हो गई। अनुमान है कि इसी के चलते उसने फांसी लगाई है। पुलिस के अनुसार 32 साल का सोनू तंबोली एन टू ए सेक्टर गोविंदपुरा में रहता था और सिविल लाइन भेल में सफाईकर्मी था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा 12 साल का बेटा और 6 साल की बेटी है। सोनू भेल के खंडहरनुमा मकान में परिवार के साथ रह रहा था और शराब पीने का आदी था। गुरुवार रात वह शराब के नशे में घर पहुंचा था और अपने साथ शराब के क्वार्टर भी लेकर पहुंचा था। पत्नी ने उसे कहा कि वैसे ही नशे में आए हो और शराब मत पीना। इसी बात को लेकर सोनू की पत्नी से कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर पत्नी बच्चों को लेकर अलग कमरे में सो गई थी। शुक्रवार सुबह करीब चार बजे के आसपास उसकी नींद खुली तो उसने पति को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद अपनी मां को घटना की जानकारी दी।

## प्राइड सिटी में दरवाजा तोड़कर घुसे थे तीन बदमाश, एक बाहर कर रहा था निगरानी

# महिला के घर घुसे बदमाशों का मिला सीसीटीवी फुटेज, पुलिस संदिग्धों से कर रही है पूछताछ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित प्राइड सिटी में शुक्रवार तड़के घर में घुसे तीन बदमाशों ने महिला को धमकाते हुए लॉकर की चाबी मांग ली थी। लॉकर की चाबी हाथ लगते ही आरोपियों ने जेवरात बटौरे और फरार हो गए। इस दौरान एक बदमाश घर के बाहर खड़े होकर निगरानी कर रहा था। प्राइड सिटी जैसे कवर्ड कैंपस में हुई इस वारदात ने एक तरफ सोसायटी की सुरक्षा व्यव्स्था की पोल खोल दी, वहीं थाने से एक किलोमीटर की दूरी पर हुई वारदात से पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठ रहे हैं।**

पुलिस की दलील है कि तीन आरोपी अंदर घुसे थे, जबकि चौथा बाहर खड़ा होकर निगरानी कर रहाड़था। पुलिस को आरोपियों का हुलिया बगल वाले मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे से मिल गया है। अब पुलिस हुलिए के आधार पर संदिग्धों को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। हालांकि पुलिस को अभी तक किसी तरह की सफलता हाथ नहीं लगी है।

उल्लेखनीय है कि आशा चौकीकर पति स्वर्गीय गनपति चौकीकर (52) ए-48 प्राइड सिटी वन, कटारा हिल्स में रहती हैं। वे गृहणी हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके दो बेटें हैं। बड़ा बेटा बेंगलौर और छोटा बेटा गुड़गांव में प्राइवेट नौकरी करता है। वे घर में अकेली रहती हैं। गुरुवार रात वह साड़े 11 बजे के आसपास खना खाकर सो गई थी। रात में एक बार करीब डेढ़ बजे के आसपास वह उठी और वॉशरूम से लौटकर फिर सो गई। रात करीब पौने तीन बजे वह ऊपर वाले कमरे में सो रही थी, तभी तीन युवक पहुंचे। तीनों मंकी कैप पहने हुए थे। वे कहने लगे कि गोदरेज की चाबी दे दो। वे डरी हुई थी और उन्होंने चाबी निकालकर दे दी।

चाबी मिलने पर एक युवक गोदरेज के पास पहुंचा और लॉकर खोलने के बाद चांदी की दो तीन जोड़ बिछिया, एक सोने की अंगूठी, एक डायमंड की अंगूठी, एक वेनटेक्स का मंगलसूत्र, वेनटेक्स के तीन चार जोड़ नेकलेस, एक लेडीज घड़ी समेत उनका मोबाइल चुराकर ले गया। बदमाश उनके घर से कुल कितने का सामान चुराकर ले गए है वह आशा बता नहीं सकी। आशा चौकीकर ने पुलिस को बताया कि वे ऊपर वाले कमरे से नीचे पहुंची तो डायनिंग हाल का दरवाजा टूटा हुआ मिला था।







भोपाल। लिंक रोड पर आज सुबह बीआरटीएस बस व दुपहिया वाहन में भिड़ंत हुई इसमें दुपहिया सवार को चोटें आईं।

## बहाने बना पड़ोसी की ले गया कार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

युवक को अपने पड़ोसी की मदद करना उस समय महंगा पड़ गया जब वह उसकी कार लेकर गायब हो गया। आरोपी दोनों कार लेने के बाद मकान खाली कर गायब हो गया। पीड़ित ने फोन किया तो उसने दुबई में होना बताया। पीड़ित ने मामले की शिकायत बजरिया थाने में की है। पुलिस ने अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि अमित के पास तीन कार थीं। पड़ोस में रहने वाले बलविंदर की कार का एक्सीडेंट हो गया तो फरवरी 2023 में उसने अमित से एक कार मांग ली। अप्रेल के पहले महीने में बलविंदर ने कार मांगी नहीं देने की शंका पर बलविंदर द्वारा उनकी कार बेचे जाने की शंका होने पर उन्होंने पुलिस को शिकायत की।

# हेवल्स कंपनी का टैग लगाकर नकली सिलाई मशीन बेच रहे दुकानदार से पुलिस ने जब्त की 23 सिलाई मशीन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



कोतवाली पुलिस ने हेवल्स कंपनी का टैग लगाकर नकली सिलाई मशीन बेच रहे दुकानदार पर कॉपी राइट का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने दुकान से 23 सिलाई मशीन जब्त की है। उक्त मामला दिल्ली निवासी अजय देवलिया की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार अजय देवलिया दिल्ली में रहते हैं और वह ब्रांडेड कंपनियों की कॉपी करने वाले प्रोडक्ट की जांच करते है। उन्हें सूचना मिलीड़थी कि इतवारा इलाके में नेशनल ट्रैडर्स में लोकल सिलाई मशीन पर हेवल्स कंपनी का टैग लगाकर बेचा जा रहा है। उन्होंने अपने स्तर पर तस्दीक की। तस्दीक में उन्हें पता चला कि मशीन लोकल कंपनी की है और उसमें हेवल्स का टैग लगा है। इसके बाद वह कोतवालीड़थाने पहुंचे और पुलिस को शिकायत की। पुलिस की टीम उनके साथ नेशनल ट्रैडर्स पहुंची और दुकान पर छापामारा कार्रवाई करते हुए 23 सिलाई मशीन जब्त की। पुलिस ने दुकान मालिक मोहम्मद एजाज पर कॉपी राइट एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। दुकान पर छापा पड़ने से आसपास के दुकानदारों में दहशत का माहौल है।

**मेट्रो एंकर** | मृतक गुरुवार शाम घर से निकला था, फिर नहीं लौटा

# बड़े तालाब में मिली युवक की लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। तलैया थाना क्षेत्र स्थित बड़े तालाब में शुक्रवार सुबह एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक गुरुवार शाम से घर से निकला था। इसके बाद घर नहीं लौटा। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।**

पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे के आसपास सूचना मिली थी कि किसी युवक का शव शीतला माता मंदिर के पास तालाब में पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव बाहर निकाल लिया। मृतक के पास मिले दस्तावेज से उसकी पहचान ओम सिंह पिता लखन सिंह (20) संजय नगर, शाहजहांनाबाद के रूप में कर ली गई। मृतक नगर निगम में दैनिक वेतन भोगी बतौर काम करता था। परिजन ने बताया कि कुछ दिनों पहले उसका एक्सीडेंट हो गया था। इससे उसके हाथ पैर में गंभीर चोट थी और हाथ पैर ठीक से काम नहीं करते थे। इलाज भी चल रहा था, लेकिन वह हाथ पैर पूरी तरह से ठीक नहीं होने के कारण दुखी रहता था। अनुमान है कि इसी के चलते उसने यह कदम उठाया है।





## बंद कमरे में मिली बुजुर्ग की लाश

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड सुभाष नगर में एक बुजुर्गड़की लाश फ्लैट के बंद कमरे में मिलने से सनसनी फैल गई। लाश डिकंपोज होने लगी थी। अनुमान है कि मौत करीब दो दिन पूर्व हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार महेंद्र पिता स्वर्गीय पंडरीनाथ (60) एलआईजी ओल्ड सुभाष नगर, ऐशबाग में रहते थे। वे शराब पीने के आदी थे और परिवार से करीब सात आठ साल से अलग रह रहे थे। उनके पास एलईडी बल्व की फ्रेंचाइजी थी। उनके पड़ोस में विवेक रहता है। विवेक ने महेंद्र के मकान मालिक को सूचना दी थी कि महेंद्र के घर का दरवाजा दो दिन से नहीं खुला है। मकान मालिक ओल्ड सुभाष नगर अपने घर पहुंचे और विवेक की मदद से दरवाजा खुलवाना चाहा, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। किसी तरह से घर की खिड़की खोली गईड़तो अंदर से बदबू आई और महेंद्र की लाश बेड पर पड़ी हुईड़दिखी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजन अंबेडकर कॉलोनी ऐशबाग में रहते हैं। पीएम के बाद उन्हें शव सौंप दिया गया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# पैसों के लेनदेन को लेकर हुआ विवाद युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

## पत्नी ने किया बीच बचाव चाकू कमर के पास लगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित कबीला में शुक्रवार रात चार बदमाशों ने एक युवक से मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू उसे कमर के पास लगने से गंभीर चोट आई है। पुलिस ने घायल की पत्नी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। बाकि अन्य तीन की तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी सरिता बर्मन ने बताया कि 35 साल की आबिदा बी, कबिला इलाके में रहती है। उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात वह घर थी। इस दौरान रात करीब आठ बजे मंगेश, हर्ष, करण और शिवा उनके घर पहुंचे और धमकाते हुए देवर इकबाल का पूछने लगे। इकबाल घर पर नहीं था और उनके पति हाजी निसार बाहर निकले तो आरोपी उनसे गालीगलौज करने लगे। हाजी निसार ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी मंगेश ने चाकू निकाला और हाजी निसार पर हमला कर दिया। चाकू से हमला होता देख आबिदा बी ने पति को धक्का दिया और चाकू पेट पर लगने की बजाय उनकी कमर के पास लग गया। चाकू लगने से वह बेसुध होकर गिर गए तो आरोपी उन्हें छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने उक्त मामले में शिवा को गिरफ्तार कर लिया है। बाकि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022